वर्ष : 33 ▸ अंक : 350 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 07 मार्च, 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

विपक्ष को मिला मुद्दा, टेंशन में सरकार



मराठी भाषा पर RSS नेता भैयाजी जोशी के बयान पर महाराष्ट्र में सियासी बवंडर

# भैयाजी के मराठी ज्ञान पर महासंग्राम

**भैयाजी जोशी पर दर्ज हो देशद्रोह का मामला : उद्धव**

धीरज सिंह । मुंबई

महाराष्ट्र की प्रमुख विपक्ष दल शिवसेना (यूबीटी) के मुखिया उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता भैयाजी जोशी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है। बता दें कि, एक कार्यक्रम में बोलते हुए सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा था कि, 'मुंबई आने वाले लोगों को मराठी सीखने की जरूरत नहीं है, उन्होंने यह भी कहा कि गुजराती 'मुंबई के घाटकोपर इलाके की भाषा है।' इस पर टिप्पणी करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, 'भैयाजी जोशी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।'



"भारत में इतनी सारी अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोग एक साथ रहते हैं। मुझे लगता है कि मुंबई भी इसका एक आदर्श उदाहरण है। मेरे पास कहने के लिए इससे ज्यादा कुछ नहीं है। मेरी मातृभाषा मराठी है लेकिन मैं सभी भाषाओं का सम्मान करता हूं।

भैयाजी जोशी

RSS के पूर्व सरकार्यवाह

### भैयाजी जोशी ने क्या दिया था बयान?

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने अपने बयान में कहा था कि, 'मुंबई में एक नहीं, कई भाषाएं हैं, मुंबई के हर हिस्से की अपनी अलग भाषा है, घाटकोपर इलाके की भाषा गुजराती है। इसलिए अगर आप मुंबई में रहते हैं या फिर यहां आना चाहते हैं तो यह जरूरी नहीं है कि आपको मराठी सीखनी पड़े।

### विवाद के कारण बाधित हुई विधानसभा की कार्यवाही

मराठी भाषा के मुद्दे पर सत्तारूढ़ भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) के बीच बहस के बाद महाराष्ट्र विधानसभा को आज पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। इस मामले में कांग्रेस नेता नाना पटोले ने महाराष्ट्र में किसान संकट और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भैयाजी जोशी की आलोचना की। नाना पटोले ने कहा, 'यह उनकी सरकार है, यह आरएसएस की सरकार है। आज महाराष्ट्र में किसानों की फसलें सूख रही हैं। क्या आरएसएस इस पर सरकार को सुझाव नहीं दे सकता?'।

### आदित्य ठाकरे ने राज्य को बांटने का लगाया आरोप

आरएसएस नेता की इस टिप्पणी पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने उन पर महाराष्ट्र को बांटने और इसकी भाषाई और सांस्कृतिक पहचान का अनादर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, 'हम लगातार देख रहे हैं कि कोश्यारी से लेकर कोरटकर और सोलापुरकर तक – सभी महाराष्ट्र, महाराष्ट्र के नायकों और महाराष्ट्र के देवताओं का अपमान कर रहे हैं। अगर आप इन सभी को देखें तो उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले का अपमान किया है। आज सुरेश भैयाजी जोशी ने मराठी का अपमान किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं उन्हें तमिलनाडु या गुजरात में ऐसा कुछ कहने की चुनौती देता हूं। लेकिन केवल इसलिए कि वह महाराष्ट्र को विभाजित करना चाहते हैं, वह आ रहे हैं और ऐसा कर रहे हैं। यह संघ की सोच है।'

**मराठी राज्य की संस्कृति और पहचान- सीएम**

वहीं इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जोर देकर कहा कि मुंबई और पूरे राज्य की भाषा मराठी है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा, 'मुंबई, महाराष्ट्र और राज्य सरकार की भाषा मराठी है और यहां रहने वाले लोगों को इसे सीखना चाहिए। मराठी राज्य की संस्कृति और पहचान का हिस्सा है और इसे सीखना हर नागरिक का कर्तव्य है'। मुख्यमंत्री के बयान के बाद सदन में शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा सदस्यों के बीच विधानसभा में तीखी बहस देखने को मिली। सीएम ने आगे कहा कि हमारी सरकार अन्य भाषाओं का सम्मान करती है, लेकिन कोई भी अपनी भाषा से प्यार करता है तो उसे दूसरी भाषा को भी सम्मान देना चाहिए।'

**न्यूज़ ब्रीफ**

### समीर वानखेड़े को बड़ी राहत, IRS अधिकारी का मुंबई से चेन्नई तबादला रद्द

**मुंबई।** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (सीएटी) ने आयकर अधिकारी समीर वानखेड़े का मुंबई से चेन्नई ट्रांसफर रद्द कर दिया है। न्यायाधिकरण ने कहा कि राजस्व विभाग ने अपनी ही गाइडलाइनों का स्पष्ट उल्लंघन किया है। समीर वानखेड़े, जो 2008 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी हैं, 2021 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई में अपनी तैनाती के दौरान चर्चा में आए थे। उन पर बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के परिवार से 25 करोड़ रुपये की घूस मांगने का आरोप था, ताकि उनके बेटे आर्यन खान को ड्रग्स मामले में फंसाने की धमकी दी जा सके।

### राउत और पवार के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के कार्यकारी संपादक संजय राउत और दो अन्य के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया और उन पर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया। संजय राउत के अलावा, उन्होंने एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार और तुषार खरात नाम के एक डिजिटल पत्रकार के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया है।

### सचिन वाजे को उच्च न्यायालय से झटका

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को झटका देते हुए याचिका खारिज कर दी। सचिन वाजे ने दावा किया था कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया, ऐसे में तत्काल उन्हें रिहा किया जाए। हालांकि उच्च न्यायालय ने कहा कि सचिन वाजे ने जब उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के पास विस्फोटकों से भरी कार रखी और व्यवसायी मनसुख हिरेन की हत्या की साजिश रची, तब वह अपनी आधिकारिक काम नहीं कर रहे थे। इसलिए उनकी गिरफ्तारी से पहले राज्य सरकार से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है।

### राज्य में अन्न सुरक्षा अधिकारी के 218 पद रिक्त : झिरवाल

**मुंबई।** राज्य में अन्न व औषधि प्रशासन विभाग (एफडीए) में अन्न सुरक्षा अधिकारी के मंजूर 350 पदों में से 132 पद भरे गए हैं। जबकि 218 पद रिक्त हैं। इनमें से 194 पदों को महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग के माध्यम से भरने के लिए प्रक्रिया शुरू है।

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 91,000 |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,550 |

**मौसम**

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 31.3-28.0 | 74% |

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | शुक्रवार | 06:36 बजे |
| सूर्योदय | शनिवार | 06:27 बजे |

# राज्य में चल रहे 388 अवैध स्कूल

**विधान परिषद में प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने दी जानकारी**

अमित बृज । मुंबई

प्रदेश में निजी प्रबंधन के 388 स्कूल अवैध रूप से चल रहे हैं, जिसमें से 36 स्कूलों से दंड वसूल किया गया है। जबकि 99 स्कूलों के प्रबंधन के खिलाफ फौजदारी मामला दर्ज किया गया है। विधान परिषद में प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। भुसे ने बताया कि राज्य में शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई) के प्रावधानों के तहत सरकार से मान्यता प्राप्त के बिना स्कूल शुरू नहीं किए जा सकते हैं। इसलिए सरकार से मान्यता प्राप्त किए बैगर अवैध रूप से स्कूल चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। सदन में कांग्रेस सदस्य प्रज्ञा सातव, राकांपा (शरद) के सदस्य अरुण लाड ने इस बारे में सवाल पूछा था।



### समग्र शिक्षा के 3784 कर्मियों को सेवा में शामिल करने समिति गठित : दादाजी भुसे

प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के 3784 ठेका कर्मियों को सरकारी सेवा में समायोजित करने के लिए राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (सेवा) की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। यह समिति तीन महीने में रिपोर्ट पेश करेगी। इसके बाद ठेका कर्मियों को समायोजित करने के बारे में उचित फैसला करेगी। विधान परिषद में राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने यह जानकारी दी। प्रश्नकाल में शिवसेना (उद्धव) के सदस्य जगन्नाथ अभ्यंकर ने समग्र शिक्षा अभियान के ठेका कर्मियों को सरकारी सेवा में समायोजित करने के बारे में सवाल पूछा। इसके जवाब में भुसे ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत 16100 पद मंजूर हैं। जिसमें से 8269 कर्मचारी कार्यरत हैं। इसमें से 2984 कर्मियों को समायोजित करने की प्रक्रिया शुरू है। वहीं 3784 कर्मचारियों के बारे में फैसला लेने के लिए समिति बनाई गई है।

### विश्वविद्यालयों के उपकेंद्रों की स्थापना के लिए समिति : पाटील

प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों का उपकेंद्र स्थापित करने के लिए एक समिति गठित की गई है। यह समिति उपकेंद्र बनाने के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। विधान परिषद में राज्य के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील ने यह जानकारी दी। गुरुवार को प्रश्नकाल में राकांपा (अजित) के सदस्य अमोल मिटकरी ने अमरावती के संत गाडगेबाबा विश्वविद्यालय का उपकेंद्र अकोला में बनाने को लेकर सवाल पूछा था। जबकि शिवसेना (शिंदे) की सदस्य भावना गवली ने वाशिम में उपकेंद्र बनाने की मांग की। इसके जवाब में पाटील ने कहा कि राज्य में स्थानीय जनप्रतिनिधि हर जिले में उपकेंद्र स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। राज्य में एक जिला, एक विश्वविद्यालय स्थापित करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। पाटील ने कहा कि पहले की तरह अब प्रत्यक्ष रूप से विश्वविद्यालय में प्रशासकीय कामकाज के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ती है, क्योंकि विश्वविद्यालय के अधिकांश काम अब ऑनलाइन होते हैं।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी का धारावी दौरा


**चमड़ा उद्योग के कामगारों से की मुलाकात, कई निर्माण इकाइयों का किया दौरा**

दीपक पवार । मुंबई

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मुंबई के धारावी में चमड़ा उद्योग के कामगारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। कांग्रेस नेता ने बताया कि इस दौरे का मकसद चमड़ा उद्योग के कामगारों के सामने आ रही चुनौतियों को समझना था। उन्होंने धारावी में कई निर्माण इकाइयों का दौरा किया जिनमें से एक चमार स्टूडियो है, जिसे सुधीर राजभर ने स्थापित किया है।

### 'पूरे देश में दोहराएंगे मॉडल'

कांग्रेस नेता ने कहा, चमार स्टुडियो की कामयाबी दर्शाती है कि पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक उद्यमिता कैसे एक साथ काम कर सकती हैं, ताकि कुशल कारीगरों को उनके अपने हाथों से हासिल की गई सफलता का हिस्सा मिल सके। राहुल गांधी ने कहा कि एक समृद्ध भारत केवल उत्पादन और भागीदार के जरिए ही बनाया जा सकता है।



### दोपहर टिप्पणी : मुंबई–गुजरात दौरे के क्या हैं मायने?

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के मुंबई और गुजरात दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी जोश है। पार्टी का कहना है कि इन दोनों राज्यों में राहुल गांधी की विजिट से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। वहीं इसका फायदा आगामी महानगरपालिका चुनावों की रणनीति बनाने में भी मिलेगा। राहुल गांधी का मुंबई का कार्यक्रम बिल्कुल निजी रखा गया, इसलिए उनके साथ पदाधिकारियों का हुजूम नहीं दिखा। उनके मुंबई दौरे से मुंबई कांग्रेस पार्टी काफी खुश है। नेताओं का कहना है कि इस विजिट का पॉजिटिव असर आगामी महानगरपालिका चुनाव पर होगा।

# 8 आईएएस अधिकारियों का तबादला

**राधा बिनोद शर्मा मीरा-भायंदर मनपा के आयुक्त बने**

दोपहर संवाददाता । मुंबई

राज्य सरकार ने गुरुवार को आठ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। एमएमआरडीए के संयुक्त आयुक्त राधाविनोद शर्मा को मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त बनाया गया है। वे संजय श्रीपतराव काटकर की जगह ली है। काटकर इस समय मसूरी में ट्रेनिंग पर है। उद्योग विभाग में निदेशक के पद पर कार्यरत एमजे प्रदीप कुमार को पुणे मनपा अतिरिक्त आयुक्त के पद पर भेजा गया है।

### वैदेही रानाडे को जिला परिषद रत्नागिरी के सीईओ के पद पर भेजा गया :



छत्रपति संभाजीनगर के विभागीय अतिरिक्त आयुक्त बाबा साहेब बेलदार अब अल्पसंख्यक आयोग (छत्रपति संभाजीनगर) के आयुक्त होंगे। स्मार्टसिटी छत्रपति संभाजीनगर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जगदीश मनियार को जिला परिषद जालना का सीईओ बनाया गया है। एमएसआरडीसी की संयुक्त प्रबंध निदेशक वैदेही रानाडे को जिला परिषद रत्नागिरी के सीईओ के पद पर भेजा गया है। विदर्भ वैधानिक महामंडल के सचिव डॉ. अर्जुन चिखले अब शुल्क नियामक प्राधिकरण (मुंबई) के सचिव होंगे। यवतमाल के जिलाधिकारी डॉ. पंकज असिया को अहिल्यानगर का जिलाधिकारी बनाया गया है।

### बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना लोगों के घर गिराए जाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों के घरों को ध्वस्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कड़ी असहमति जताते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई एक चौंकाने वाला और गलत उदाहरण पेश करती है। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, अनुच्छेद 21 नाम की भी कोई चीज है । न्यायमूर्ति ओका ने सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले की ओर भी ध्यान दिलाया, जिसमें ध्वस्तीकरण से पहले अपनाई जाने वाली प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

# 'कंबोज चला रहे राज्य का जलसंसाधन विभाग'

**विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे का दावा**

दोपहर संवाददाता । मुंबई

विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने भाजपा नेता मोहित कंबोज के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। दानवे ने कहा कि राज्य के जलसंसाधन विभाग कंबोज चला रहे हैं। कंबोज के बिना जलसंसाधन विभाग में पत्ता भी नहीं हिलता है। गुरुवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान दानवे ने कहा कि राज्य के जलसंसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कपूर हैं। लेकिन कपूर कंबोज को बताए बिना पानी भी नहीं पीते हैं।



### 'जलसंसाधन विभाग के सभी फैसले कंबोज करते हैं'

दानवे ने कहा कि जलसंसाधन विभाग में सिंचाई और पानी समेत विभिन्न समस्याएं हैं, लेकिन जलसंसाधन विभाग के सभी फैसले कंबोज करते हैं। मैं नहीं जानता हूं कि राज्य के जलसंसाधन विभाग के मंत्री को इस बारे में पता भी है अथवा नहीं? दानवे ने कहा कि सरकार को कंबोज और कपूर का कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच करनी चाहिए।

**पहल** ▸ निवेशकों से आर्थिक धोखाधड़ी रोकने के लिए सरकार का फैसला

# इकोनॉमिक इंटेलिजेंस यूनिट की होगी स्थापना

मुनीब चौरसिया । मुंबई

राज्य में निवेशकों से होने वाली आर्थिक धोखाधड़ी टालने के लिए महायुति सरकार अब इकोनॉमिक इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) स्थापित करेगी। विधान परिषद में प्रदेश के गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इकोनॉमिक इंटेलिजेंस यूनिट आर्थिक निवेश कंपनियों पर निगरानी रखेगी।



### टोरेस निवेश धोखाधड़ी का मुद्दा उठा

कदम ने कहा कि राज्य में पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कार्यरत है। ईओडब्ल्यू केवल आर्थिक धोखाधड़ी की घटना के बाद मामलों की जांच करती है। लेकिन निवेशकों से आर्थिक धोखाधड़ी योजनाबद्ध तरीके से की जाती है। इसलिए इस पर आर्थिक खुफिया इकाई की नजर होना आवश्यक है। गुरुवार को सदन में राकांपा (अजित) के सदस्य विक्रम काले और शिवसेना (शिंदे) की सदस्य मनीषा कायंदे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए टोरेस निवेश धोखाधड़ी का मुद्दा उठाया था। इसके जवाब में कदम ने कहा कि टोरेस कंपनी में 16 हजार 786 निवेशकों ने लगभग 140 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसमें कंपनी से करीब 35 करोड़ रुपए वसूले गए हैं। जिसमें बैंकों में 19 करोड़ रुपए और 8 करोड़ रुपए नकदी और बाकी ज्वेलरी का समावेश है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति

कदम ने कहा कि कंपनी से निवेशकों की जमा राशि वसूलने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। सरकार की मंजूरी से जिलाधिकारी न्यायालय के माध्यम से नीलामा प्रक्रिया पूरी करते हैं। इसके बाद धोखाधड़ी के शिकार हुए निवेशकों को निवेश के अनुपात में राशि वापस की जाएगी।

### दो यूक्रेनी निदेशकों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस

कदम ने कहा कि टोरेस कंपनी के निदेशक समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि दूसरे निदेशक की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। वहीं फरार हुए दो यूक्रेनी निदेशकों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। कदम ने कहा कि टोरेस कंपनी मामले के आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज करने को लेकर अध्ययन किया जाएगा। इस बीच राकांपा (शरद) के सदस्य शशिकांत शिंदे ने कहा कि राज्य के लोगों को दुबई में निवेश के लिए आकर्षित किया जा रहा है। इसलिए ऐसी कंपनियों को सरकार को नियंत्रित करना चाहिए।

# लागू हुआ आनंद कारज विवाह अधिनियम

**महाराष्ट्र सरकार ने आनंद कारज विवाह को कानूनी मान्यता प्रदान की**

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने सिख समुदाय के आनंद कारज विवाह को कानूनी मान्यता प्रदान कर दी है। इसके साथ ही राज्यभर में आनंद कारज विवाह अधिनियम को लागू करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। सिख समुदाय ने सरकार के इस फैसले का गर्मजोशी से स्वागत किया है। महाराष्ट्र सरकार के अल्पसंख्यक विकास विभाग ने सभी विभागीय आयुक्तों को इस अधिनियम को लागू करने के संबंध में आधिकारिक निर्देश जारी किए हैं।

### विवाह पंजीकरण प्रक्रिया होगी आसान

सरकार के इस निर्णय से सिख विवाह पंजीकरण प्रक्रिया अब अधिक सरल और सम्मानजनक होगी। सिख जोड़ों को अब विभिन्न निकाय संस्थाओं में अलग-अलग आवेदन करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह कदम अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा और प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। आपको बता दें कि ₹आनंद कारज₹ का अर्थ ₹आनंदमय मिलन₹ है। यह सिख विवाह समारोह गुरुद्वारे में संपन्न होता है, जहां जोड़ा गुरु ग्रंथ साहिब के चारों ओर चार फेरे (लावा) लगाकर विवाह के पवित्र बंधन में बंधता है। इस दौरान भजन गाए जाते हैं, जो विवाहित जीवन के विभिन्न चरणों को दर्शाते हैं। यह विवाह प्रेम, समानता और प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जाता है।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से युवक की मौत!

- एम्बुलेंस देरी से पहुंची, इलाज से पहले हुई मौत
- विधानसभा में भी गूंजा मामला

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

सरकारी आपातकालीन सेवाओं की धीमी कार्यप्रणाली के कारण 30 वर्षीय राहुल इंदाते की मौत हो गई। 108 एम्बुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने से परिवार ने उपचार में देरी का आरोप लगाया, जिससे उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना के बाद प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश फैल गया और मामला विधानसभा में भी गूंजा।

### नागरिकों का आक्रोश, दोषियों पर कार्रवाई की मांग



इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन की लापरवाही पर तीखा विरोध जताया। सामाजिक कार्यकर्ता शिवाजी रागड़े ने इसे चिकित्सा व्यवस्था की हत्या बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, यह केवल विफलता नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था की आपराधिक लापरवाही है, जिसने एक निर्दोष युवक की जान ले ली।

### प्रशासनिक लापरवाही उजागर

22 जनवरी की रात राहुल इंदाते की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें उल्हासनगर-3 स्थित सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए कलवा अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार ने 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। मजबूरी में परिजनों ने निजी वाहन से ले जाने की कोशिश की, लेकिन इलाज से पहले ही राहुल की मौत हो गई।

### दो डॉक्टर निलंबित

जनवरी में हुई इस चौंकाने वाली घटना पर विधानसभा में तारांकित प्रश्न उठाया गया, जिसके बाद सरकार ने सेंट्रल अस्पताल के जिला शल्य चिकित्सक डॉ. मनोहर बनसोडे और सर्जन डॉ. ऐश्वर्या मोरे को निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई महाराष्ट्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1979 के उल्लंघन के तहत की गई है। निलंबन आदेश के अनुसार, डॉ. मनोहर बनसोडे को मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई है।



### डॉ. उत्कर्ष दुधेड़िया को मिला अतिरिक्त प्रभार

डॉ. मनोहर बनसोडे के निलंबन के बाद अस्पताल की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार ने डॉ. उत्कर्ष दुधेड़िया (चिकित्सा अधिकारी, एनेस्थेटिस्ट, श्रेणी-1) को अस्थायी रूप से जिला शल्य चिकित्सक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। डॉ. दुधेड़िया मूल रूप से आर्थोपेडिक सर्जन हैं और अब वे अपने मौजूदा कार्य के साथ-साथ जिला सर्जन का दायित्व भी निभाएंगे।

# अबू आसिम आज़मी और उनके परिवार को तत्काल सुरक्षा देने की मांग

- समाजवादी पार्टी ने उप विभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**


समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजू सिद्दीकी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने विधायक एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आज़मी और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी के विरोध में सरकार से तत्काल सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। इस संबंध में उप विभागीय अधिकारी के माध्यम से शासन को एक लिखित ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजू सिद्दीकी, वरिष्ठ नेता सलाम नोमानी, अजहर शेख, शफीक शेख, राजू भाई, मोज्जम शेख, सुल्तान शेख सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### 'लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला'

ज्ञापन में कहा गया कि अबू आसिम आज़मी लाखों नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधि हैं। ऐसे में उन्हें और उनके परिवार को धमकियां मिलना लोकतंत्र पर सीधा हमला है और समाज में असुरक्षा का माहौल पैदा करने की कोशिश है। समाजवादी पार्टी ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

## बाबासाहब के खिलाफ सम्मान नहीं दिखाने का आरोप की याचिका खारिज



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद खंडपीठ ने कहा है कि लोग आजकल अपनी जाति और समुदाय को लेकर तो संवेदनशील हैं, लेकिन दूसरी जातियों और समुदायों के प्रति कोई सम्मान नहीं दिखाते। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने डॉ. बीआर आंबेडकर के प्रति अनादर दिखाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज मामला खारिज कर दिया। अदालत ने मामला दर्ज कराने वाले व्यक्ति को सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ पोस्ट करने के लिए फटकार लगाई। पीठ ने बुधवार को पारित आदेश में कहा कि हर सोशल मीडिया पोस्ट/टिप्पणी या भाषण पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं होता और ऐसी चीजों के प्रति असहमति या असंतोष जाहिर करने के विवेकशील तरीके भी हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता देवेंद्र पाटील के खिलाफ अगस्त 2019 में छत्रपति संभाजीनगर जिले के दौलताबाद पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज प्राथमिकी और उसमें जारी कार्यवाही को रद्द कर दिया। प्राथमिकी में दावा किया गया था कि आरोपी ने ब्राह्मण समाज के खिलाफ एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए शिकायतकर्ता को फोन कर धमकाया था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को कथित तौर पर अपशब्द कहे थे और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के प्रति अनादर भी दिखाया था। पीठ ने कहा कि आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच हुई बातचीत डॉ. आंबेडकर के प्रति कोई अनादर नहीं दर्शाती। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता जैसे लोगों के कारण ही इन दिनों आंबेडकर के प्रति सम्मान कम हो गया है।अदालत ने कहा कि किसी समुदाय के व्यक्ति को तब आपत्ति करने का अधिकार नहीं हो सकता, जब उसने खुद कोई उकसाने वाला काम किया हो। सभी समुदायों और जातियों में व्यक्तियों के बीच पारस्परिक सम्मान की भावना होनी चाहिए। यही संविधान की आत्मा है।

## कालू डैम का निर्माण पूरा होने से ठाणे में पानी की समस्या का होगा स्थायी समाधान : शिंदे



ठाणे : ठाणे के कलवा, मुंब्रा और कौसा क्षेत्रों में पानी की कमी को दूर करने के लिए सरकार कई तरह से प्रयास कर रही है। कालू बांध का निर्माण पूरा होने तक वैकल्पिक उपाय अपनाकर इस समस्या पर काबू पाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर राकांपा (शरद) सदस्य जितेंद्र आव्हाड के सवाल के जवाब में यह बात कही। शिंदे ने कहा कि इस बांध का निर्माण पूरा होने से ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) क्षेत्र में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। इस चर्चा में आव्हाड के आलावा रईस शेख और दिलीप लांडे भी शामिल हुए।

## मुंबईकरों को वापस लाने के लिए कटिबद्ध जो पुनर्विकास कार्यों में रुकावट से बाहर गए - शिंदे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा में आश्वासन दिया कि मुंबई शहर में खतरनाक, पुरानी और जर्जर इमारतों के पुनर्विकास में तेजी लाने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी और इस तरह की इमारतों के पुनर्विकास में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाएगा। शिंदे ने यह जानकारी कांग्रेस सदस्य अमीन पटेल, नाना पटोले और भाजपा सदस्य पराग अलवानी और योगेश सागर द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान दी। शिंदे ने कहा कि हमारी सरकार की योजना पिछले कई वर्षों से अटकी गृहनिर्माण की परियोजनाओं को भी पूरा करने की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन मुंबईकरों को वापस लाने के लिए कटिबद्ध है जो पुनर्विकास कार्यों में रुकावट के कारण मुंबई से बाहर चले गए हैं।

# रमजान माह में भिवंडी में अनियमित जलापूर्ति

- महिलाओं ने मनपा मुख्यालय के सामने किया हंगामा

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

मुस्लिम बाहुल्य भिवंडी शहर में पानी की किल्लत और मनपा जलापूर्ति विभाग के बीच विवाद आम बात हो गई है। इन दिनों रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, लेकिन शांतिनगर और न्यू आजादनगर जैसे स्लम इलाकों में अनियमित जलापूर्ति से हजारों परिवार परेशान हैं।



### चार दिन में सिर्फ एक बार पानी

स्थानीय महिलाओं के अनुसार, क्षेत्र में जलापूर्ति बेहद कम दबाव से की जाती है और चार दिन में केवल एक बार ही पानी आता है। इससे रोजमर्रा के कामों में परेशानी हो रही है, खासकर रमजान के दौरान जब रोज़ेदारों को सुबह जल्दी काम निपटाने होते हैं।

### मनपा मुख्यालय पर हंगामा

गुरुवार सुबह जल संकट से त्रस्त महिलाओं ने भिवंडी महानगर पालिका मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया और जलापूर्ति विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इलाके के वॉलमैन जानबूझकर पानी कम दबाव से और सीमित समय के लिए छोड़ते हैं।

### प्रशासन ने दिया आश्वासन

विरोध के दौरान मनपा सुरक्षा गार्डों ने महिलाओं के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को जलापूर्ति विभाग में ले जाकर उनकी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जलापूर्ति को नियमित किया जाएगा, जिसके बाद महिलाओं ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

# झुग्गीवासियों में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यशाला का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । वसई**

मुंबई महानगर क्षेत्र झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण और वसई-विरार महानगरपालिका द्वारा झोपड़पट्टी पुनर्वास योजना, नीति, उद्देश्य और झोपड़पट्टीवासियों को मिलने वाले लाभों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए वसई-विरार महानगरपालिका मुख्यालय में 28/02/2025 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। यह अभियान नगर निगम क्षेत्र में झुग्गीवासियों की सकारात्मक भागीदारी बढ़ाने तथा योजना के बारे में झुग्गीवासियों में जागरूकता पैदा करने के लिए लागू किया गया। कार्यशाला में वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र से बड़ी संख्या में झुग्गी-झोपड़ी निवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आम जनता



को झुग्गी पुनर्वास योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा नागरिकों के बीच योजना के बारे में शंकाओं का समाधान किया गया। उक्त कार्यशाला से प्रभावित होकर, वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र की झुग्गी बस्ती कातकरीपाड़ा विरार (पूर्व) के झुग्गीवासियों ने स्वेच्छा से अधिकारियों को योजना के बारे में ताजा जानकारी प्रदान करने और स्थानीय झुग्गीवासियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 06/03/2025 को आमंत्रित किया। कार्यक्रम के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों ने स्थानीय झुग्गीवासियों के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए, योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया बताई तथा झुग्गीवासियों की शंकाओं का समाधान किया। प्राधिकरण की ओर से श्री. मीनल पलांडे, सक्षम प्राधिकारी-4, श्री. कार्यशाला में प्रदीप पलसुले, नायब तहसीलदार और अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। विरार पूर्व के कातकरीपाड़ा झुग्गी बस्ती में लगभग 2000 से 2500 झोपड़ियाँ हैं और कई परिवार पिछले कई वर्षों से वहाँ रह रहे हैं। कार्यशाला में झुग्गीवासियों ने अधिकारियों के समक्ष वर्षों से जिस झुग्गी-झोपड़ी में रह रहे हैं, वहां से निकलकर एक पक्के मकान में जाने की इच्छा व्यक्त की। बैठक स्थल पर श्री सिंह के अलावा, कटकरीपाड़ा से बड़ी संख्या में स्थानीय झोपड़पट्टीधारी लोग उपस्थित हैं। प्रतीक राजन नाईक (वसई-विरार जिला उपाध्यक्ष), प्रो. डी। एन। खरे, नईम इदरीसी, संतोष चौबे, माइकल डिसूजा आदि उपस्थित थे। श्री. ने आश्वासन दिया कि वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र को "झुग्गी-झोपड़ी मुक्त" बनाने के लिए जोनल महानगरपालिका प्राधिकरण के माध्यम से योजना को जल्द से जल्द मंजूरी दी जाएगी, योजना को लागू किया जाएगा और झुग्गीवासियों को उनके हक का घर दिया जाएगा। मुंबई महानगर क्षेत्र झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण की सक्षम प्राधिकारी-4 मीनल पलांडे ने भी स्थानीय झुग्गीवासियों से बड़ी संख्या में झोपु योजना में शामिल होने की अपील की।

# भूमि लेखजोखा उप अधीक्षक 75 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भूमि लेखजोखा विभाग के उप अधीक्षक चांगदेव गोविंद मोहलकर (वर्ग-2) और उनके अधीनस्थ भूमि कर मापक अधिकारी श्रीकांत विश्वास रावते को 75 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्वाई 5 मार्च 2025 को योजनाबद्ध तरीके से की गई।

### रंगे हाथ हुए गिरफ्तार



5 मार्च 2025 को शाम 4:20 बजे, जब शिकायतकर्ता ने भूमि कर मापक अधिकारी श्रीकांत विश्वास रावते को 75 हजार रुपये सौंपे, तभी ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उप अधीक्षक चांगदेव गोविंद मोहलकर को भी हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तारी के बाद ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में शाम 6:30 बजे मामला दर्ज किया गया। यह कार्रवाई ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक शिवराज पाटील के मार्गदर्शन में की गई।

### मांगे थे 1 लाख रुपये

शिकायतकर्ता ने अपनी जमीन के मूल्यांकन के लिए उप अधीक्षक चांगदेव से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने इसके बदले 1 लाख रुपये की रिश्वत मांगी। मामले की जानकारी 27 फरवरी 2025 को ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो को दी गई थी, जिसके बाद जांच शुरू की गई।

### 75 हजार में बनी बात, एसीबी ने किया ट्रैप

जांच के दौरान उप अधीक्षक चांगदेव और शिकायतकर्ता के बीच सौदेबाजी हुई और रिश्वत की राशि घटाकर 75 हजार रुपये तय की गई। चांगदेव ने यह रकम अपने कनिष्ठ अधिकारी श्रीकांत विश्वास रावते के माध्यम से लेने की योजना बनाई।

# छत्रपति शिवाजी और संभाजी महाराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी

- भिवंडी में मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर के एक यूट्यूब चैनल के कमेंट बॉक्स में छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने वाले एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यूट्यूब चैनल लाइफ इन भिवंडी पर एक अज्ञात व्यक्ति ने छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस टिप्पणी से दोनों समुदायों के बीच अशांति फैलाने की कोशिश की गई।

### बीजेपी नेता ने की शिकायत



बीजेपी नेता अनिल कैलाशचंद केशरवानी ने इस आपत्तिजनक टिप्पणी को देखकर तुरंत भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### अपराधी की तलाश जारी

पुलिस ने अज्ञात आरोपी की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है और संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से आरोपी के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे भड़काऊ और अपमानजनक बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भुसावल मंडल में 69वां रेल सप्ताह 2024 का आयोजन

### कर्मचारियों को सम्मानित कर उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को बढ़ावा



**डीबीडी संवाददाता । भुसावल**

भुसावल मंडल में 69वें रेल सप्ताह 2024 का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना और उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) श्रीमती इति पांडेय ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने अपने संबोधन में भुसावल मंडल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कर्मचारियों को समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रेलवे सप्ताह के अंतर्गत अति विशिष्ट एवं विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए 5 अधिकारियों और 13 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। 165 रेल कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मंडल के 18 डिपो को शिल्ड एवं 18 समूहों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# धारावी मुद्दा फिर भड़केगा! बीएमसी चुनाव से पहले मुंबई दौरे पर राहुल गांधी, क्या है रणनीति?

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

विपक्षी नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी मुंबई दौरे पर पहुंचे हैं। इस यात्रा के दौरान वे धारावी का दौरा करने के अलावा पार्टी संगठन को लेकर बैठक भी करेंगे।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी मुंबई के दौरे पर हैं। वे गुरुवार दोपहर मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचे। मुंबई दौरे के दौरान राहुल गांधी पार्टी संगठन को मजबूत करने और मुंबई नगर निगम चुनावों पर नेताओं और कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। मुंबई पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने धारावी के कुछ हिस्सों का दौरा किया। विधानसभा चुनाव में असफलता के बाद कांग्रेस अब नगर निगम और स्थानीय निकाय चुनावों की



तैयारी कर रही है। दूसरी ओर, 10 मार्च से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है और ऐसे संकेत हैं कि धारावी पुनर्विकास परियोजना और अडानी का मुद्दा गरम रहेगा। इसलिए, राहुल गांधी का मुंबई दौरा महत्वपूर्ण हो गया है। कांग्रेस ने धारावी पुनर्विकास परियोजना का विरोध किया अडानी समूह को धारावी पुनर्विकास परियोजना का ठेका दिया गया है। कांग्रेस शुरू से ही इस परियोजना पर आपत्ति जता रही है और अन्य मुद्दों के साथ-साथ इसे अडानी समूह को सौंपने का भी विरोध कर रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान इस निर्वाचन क्षेत्र में धारावी मुद्दा काफी प्रमुख था। संकेत हैं कि यह मुद्दा आगामी मुंबई महानगरपालिका चुनाव में भी गरमाएगा। इस बीच, राहुल गांधी गुरुवार दोपहर मुंबई पहुंचे। अधिकारियों से मुलाकात के बाद उन्होंने धारावी के कुछ इलाकों का दौरा किया। धारावी में छोटे व्यवसाय चलाने वाले व्यापारियों से मुलाकात की और बातचीत की। उन्होंने उस जगह का भी दौरा किया जहां धारावी पुनर्विकास परियोजना का काम शुरू हुआ है। इस बीच, सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी मुंबई में पार्टी संगठन को लेकर भी नेताओं से चर्चा करेंगे। समझा जाता है कि वह आगामी नगर निगम चुनाव की तैयारियों और पार्टी संगठन को मजबूत करने के बारे में प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल और मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ के साथ चर्चा करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी अहमदाबाद जाएंगे।

# राज्य की जेलों में 500 करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला : राजू शेट्टी

▸▸ कैदियों के राशन और उपकरणों की खरीद में घोटाले का आरोप

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

स्वाभिमानी शेतकरी संगठन के अध्यक्ष और पूर्व सांसद राजू शेट्टी ने राज्य की जेलों में 2023 से 2025 के बीच 500 करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कैदियों के लिए खरीदे गए भोजन, किराने के सामान और बिजली उपकरणों की आपूर्ति में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं।



## वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

गुरुवार को पत्रकार भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजू शेट्टी ने कहा कि इस घोटाले में राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमिताभ गुप्ता और पुलिस महानिरीक्षक जालिंदर सुपेकर के कार्यकाल की जांच की मांग की।

## बढ़ी हुई दरों पर की गई खरीद

राजू शेट्टी ने दावा किया कि कैदियों के लिए आवश्यक वस्तुओं की खरीदी में बाजार दर से अधिक भुगतान किया गया। उदाहरण के लिए गेहूं 30-35 रुपए किलो की दर के बजाय 45.9 रुपए प्रति किलो खरीदा गया। चावल 35 रुपए प्रति किलो की कीमत वाले चावल को 44.9 रुपए में खरीदा गया। अरहर दाल 100 रुपए किलो मिलने वाली दाल को 209 रुपए प्रति किलो खरीदा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 2024 से अब तक इन वस्तुओं की खरीद में 500 करोड़ रुपए का गबन हुआ है।

## जेल अधीक्षक की रिपोर्ट के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं

शेट्टी ने कहा कि राज्य सरकार हर साल करोड़ों रुपए कैदियों के भोजन और आवश्यक वस्तुओं पर खर्च करती है, जिसमें गेहूं, चावल, शकर, दाल, दूध, फल, सब्जियां, चिकन, मटन, अंडे और बेकरी उत्पाद शामिल हैं। लेकिन इन वस्तुओं की खरीद बहुत अधिक कीमतों पर की गई और गुणवत्ता बेहद खराब रही।उन्होंने आरोप लगाया कि कई जेलों में एक्सपायरी डेट वाले सामान की आपूर्ति की जा रही है। जेल अधीक्षक हर्षद अहिरराव की रिपोर्ट के बावजूद इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## अन्य उपकरणों की खरीद में भी घोटाला

जेलों में राशन और कैंटीन आपूर्ति के अलावा जनरेटर, वाशिंग मशीन, ड्रोन कैमरा, प्रिंटर और कूलर जैसी चीजों की खरीद में भी भारी अनियमितता रही।

# भतीजे ने एसआरए प्रोजेक्ट सुपरवाइजर को उतारा मौत के घाट

▸▸ नाबालिग समेत 3 गिरफ्तार

▸▸ चाचा को नौकरी से निकालने से था नाराज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों ने दुश्मनी आपसी दुश्मनी के चलते एसआरए प्रोजेक्ट सुपरवाइजर को मौत के घाट उतार दिया। इस जघन्य अपराध सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और तीनों को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई में झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (SRA) परियोजना के एक सुपरवाइजर की गुरुवार को एक नाबालिग लड़के और दो युवकों ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या में शामिल एक 19 वर्षीय आरोपी की सुपरवाइजर के साथ दुश्मनी थी। पुलिस के अनुसार सुपरवाइजर ने आरोपी के चाचा को एक परियोजना स्थल पर नौकरी से निकाल दिया था। इसी के चलते आरोपी की सुपरवाइजर के साथ शत्रुता थी।

## पुलिस ने नाबालिग समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार




समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि तीनों अलग-अलग चॉल में रहते हैं। एसआरए शहर के सभी झुग्गी-झोपड़ी इलाकों के लिए एक योजना प्राधिकरण है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना वर्ली इलाके के कांबले नगर में एसआरए पुनर्विकास स्थल पर गुरुवार तड़के हुई। अधिकारी ने बताया कि मोहम्मद शब्बीर अब्बास खान ने आरोपी के चाचा को परियोजना स्थल से नौकरी से हटा दिया था और उसे वेतन भी नहीं दिया था जिसके कारण आरोपी उससे शत्रुता रखता था।

## चाकुओं से किया हमला

अधिकारी ने बताया कि 19 वर्षीय आरोपी 17 और 18 वर्षीय अपने दो साथियों के साथ गुरुवार तड़के परियोजना स्थल पर पहुंचा। इसके बाद वहां मौजूद एसआरए सुरपवाइजर मोहम्मद शब्बीर अब्बास खान पर कथित तौर पर चाकुओं से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और नाबालिग को हिरासत में ले लिया।



# बाथरूम में लड़की ने की आत्महत्या की कोशिश

हाथ की नस काटकर लिखा 'आई एम सॉरी'

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) रेलवे स्टेशन के बाथरूम में एक युवती द्वारा आत्महत्या की कोशिश करने की घटना सामने आई है। गुरुवार दोपहर 12 से 2 बजे के बीच लड़की ने बाथरूम में जाकर अपनी हाथ की नस काट ली। लोगों को जब युवती घायल अवस्था में मिली, तो बाथरूम के फर्श पर 'आई एम सॉरी' लिखा हुआ नजर आया। इस घटना से स्टेशन पर हड़कंप मच गया।

# मुंबई एयरपोर्ट पर गोल्ड स्मगलिंग रैकेट का खुलासा, 21 किलो सोना बरामद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) ने 2 लोगों को पकड़ा है। उनके पास से 18 करोड़ रुपये का सोना बरामद किया गया। इन दोनों के पास से 21 किलो सोने के बिस्कुट मिले। जिसके बाद उनको गिरफ्तार कर कर लिया गया। डीआरआई को सूचना मिली थी कि दुबई से आने वाले कुछ यात्री सोना तस्करी कर रहे हैं। अधिकारियों ने इन यात्रियों पर नजर रखी। संदेह के आधार पर दो लोगों को रोका गया। उनकी तलाशी ली गई,



तो उनके कपड़ों के नीचे पहनी गई खास बेल्ट में छिपे हुए विदेशी निशान वाले सोने के बिस्कुट मिले। तस्करों ने कमर पर पहनी जाने वाली बेल्ट में सोना छिपाया था। यह तरीका बहुत ही चालाकी से अपनाया गया था ताकि एयरपोर्ट पर पकड़े न जाएं। यह दिखाता है कि तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों यात्रियों ने कबूल किया कि वे सोना तस्करी कर रहे थे। उन्हें कस्टम्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। अब डीआरआई यह जांच कर रही है कि इस मामले में और कौन-कौन शामिल है और यह गिरोह कितना बड़ा है।मुंबई एयरपोर्ट पर लगातार सोना तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। इसी तरह की एक और घटना में दो केन्याई महिलाओं को 32 किलोग्राम सोने के साथ पकड़ा गया था। उस सोने की कीमत 19।15 करोड़ रुपये थी। उन्होंने सोना अपने कपड़ों और सामान में छिपा रखा था यह कार्रवाई दिखाती है कि सोना तस्करी करने वाले गिरोह बड़े खतरे बने हुए हैं। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए डीआरआई लगातार निगरानी बढ़ा रही है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा कड़ी की जा रही है और नए तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। डीआरआई की इस मुस्तैदी से देश के आर्थिक हितों की रक्षा हो रही है और तस्करों के मंसूबे नाकाम हो रहे हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल-08 **निविदा सूचना संख्याः WR-MMCT0ECOA (ECTD)/39/2024 0/0 SRDEE/CHG/MMCT/W (कंप्यूटर संख्या 592271) आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** पावर कार के 3 फेज 750 वोल्ट 500 केवीए केईएल मेक **अल्टरनेटर क्रमांकः-** 230273 (मॉडल संख्या TA3560L7SP) की मरम्मत, रीवाइंडिंग, रीकंडीशनिंग, ओवरहालिंग, जिसमें लोडिंग/अनलोडिंग, अलाइनमेंट, इंजन के साथ कमीशनिंग, ऑनलोड टेस्टिंग, पावर कार में सुरक्षा कवर आदि शामिल हैं। **लगभग कार्य की लागतः** 4,95,010/- **बोली सुरक्षाः** 9900/-**प्रस्तुत करने की तिथि और समयः** 27.03.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 27.03.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **1151**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**भुसावल मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के महामाहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीज़नल बिजली इंजीनियर (क.वि) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्थाक्षरित ऑनलाइन ओपर ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **टेंडर नोटिस नं.** भुसावल_ईलेक्ट_टीआरडी_21_2025 दिनांक 03/03/2025 **कार्य का नामः** निम्नलिखित कार्यों के संबंध में 25 केवी, सिंगल फेज, एसी ओएचई कार्यों का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण परीक्षण और कमीशनिंगः (1) रावेर स्टेशन-300 मीटर लंबाई की ट्रैक मशीन साइडिंग का निर्माण/विस्तार। (2) सावदा-निम्भोरा खंड - सुकी नदी पुल पर पीएससी स्लैब द्वारा स्टील गार्डर का प्रतिस्थापन। (3) असीरगढ़ स्टेशन - पुराने पैनल को ईआई के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग गियर से बदलना। **कार्य की लागतः** रु. 57,52,347.40 **बयाना राशिः** रु. 1,15,100.00 **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समयः** 08/04/2025 upto 15:00 hrs. अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट का पताः **www.ireps.gov.in**

**सीनियर डिवीजनल बिजली इंजीनियर (क.वि) मध्य रेल, भुसावल**

Apex-02

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

# अणुशक्ति नगर में बनेगा मेडिकल कॉलेज

## डिप्टी सीएम अजित पवार ने दिया निर्देश

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में मंत्रालय स्थित उनके समिति कक्ष में अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान अजित पवार ने मुंबई मनपा को अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के आधार पर एक नया मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए तुरंत सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि मुंबई में मौजूदा राशन वितरण कार्यालयों का पुनर्गठन किया जाना चाहिए और अणुशक्ति नगर क्षेत्र में राशन वितरण कार्यालय खोला जाना चाहिए। इसका उद्घाटन कार्यक्रम 1 अप्रैल को आयोजित किया जाना चाहिए।



## नाबार्ड को 61 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा

मंत्रालय स्थित समिति कक्ष में अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर आयोजित बैठक ट्रॉम्बे, मुंबई क्षेत्र में मछुआरों को जाल बुनने के घर, सार्वजनिक शौचालय, बिजली, जलापूर्ति और आंतरिक सड़क जैसी सुविधाएं प्रदान करने के लिए नाबार्ड को 61 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। उपमुख्यमंत्री ने इस बैठक में इसका अनुपालन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ, मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे, विधायक सना मलिक, पूर्व मंत्री नवाब मलिक के साथ-साथ वित्त और योजना, शहरी विकास (नवी-1 और 2), बंदरगाह, मत्स्य पालन, चिकित्सा शिक्षा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण, मुंबई उपनगरीय जिला कलेक्टरेट, बृहन्मुंबई नगर निगम, महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 502 म्हाडा घरों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**अब 20 मार्च तक कर सकते है आवेदन**

म्हाडा MHADA

**मुंबई।** म्हाडा की विभिन्न आवास परियोजनाओं के अंतर्गत 20 प्रतिशत समावेशी घटक के अंतर्गत 502 घरों की लॉटरी के लिए ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन जमा करने की समय सीमा 20 मार्च रात 11.59 बजे तक बढ़ा दी गई है। म्हाडा की विभिन्न आवास परियोजनाओं के अंतर्गत 20 प्रतिशत समावेशी घटक के अंतर्गत 502 घरों की लॉटरी के लिए ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन जमा करने की समय सीमा 20 मार्च रात 11.59 बजे तक बढ़ा दी गई है। नासिक मंडल के ये घर मखमलाबाद, सातपुर, पाथर्डी, विहितगांव, हीरावाड़ी, म्हसरुल, तपोवन द्वारका, वडाला नासिक, पिंपलगांव बहुला, नंदूर दसक, देवलाली, दसक में स्थित हैं।

म्हाडा के मकानों के लिए ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण 7 फरवरी से शुरू हुआ। अब संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 20 मार्च रात 11.59 बजे तक आवेदन किए जा सकेंगे। पंजीकृत आवेदक 20 मार्च रात 11:59 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। जमा राशि का भुगतान 21 मार्च रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन किया जा सकता है। जमा राशि का भुगतान 21 मार्च को शाम 4 बजे तक आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जा सकता है।

**भारतीय रेल विद्युत इंजीनियरिंग संस्थान, नाशिक**

**शुद्धिपत्र**

**संख्याः एनके/इरीन/पुनःनियुक्ति-दिनांक 04.03.2025**

**विषयः** इरीन में परामर्श अधिकारी के पद पर चयन हेतु सेवानिवृत्त राजपत्रित रेलवे अधिकारियों का पुनःनियुक्ति (Re-engagement) के लिए आवेदन आमंत्रित करना। **1.** इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या एनके/इरीन/पुनःनियुक्ति/दिनांक 12.02.2025 के अनुसार, रेलवे बोर्ड के संदर्भित पत्र (ii) के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि परामदर्शदाता के रुप में सेवानिवृत्त अधिकारी की अतिरिक्त श्रेणिया जोड़ी गई हैं/संशोधित की गई हैं, जो इस प्रकार हैंः **क.** ग्रुप बी (स्तर-8 और स्तर-9) से सेवानिवृत्त अधिकारियों को केवल ग्रुप-बी (स्तर-8 और स्तर-9) में रिक्त पदों के तहत परामर्शदाता के रुप में पुनःनियुक्त किया जा सकता है। **ख.** स्तर-13 से सेवानिवृत्त अधिकारियों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (स्तर-12) में रिक्त पदों के तहत परामर्शदाता के रुप में पुनःनियुक्त किया जा सकता है। **2.** इस अधिसूचना के प्रत्युत्तर में आवेदन प्राप्ति की संशाधित अंतिम तिथि 17.03.2025 है। **3.** जिन ग्रुप-बी अधिकारियों ने पहले ही अधिसूचना दिनांक 12.02.2025 के प्रत्युत्तर में आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनःआवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। **4.** आवेदक अपना आवेदन पत्र विधिवत भरकर तथा आवश्यक दस्तावेज संलग्न करके स्पीड/पंजीकृत डाक के माध्यम से महानिदेशक कार्यालय, इरीन, टीएमडब्ल्यू कैम्पस, एकलहरे रोड, नाशिक रोड - 422 101. पर जमा कर सकते हैं अथवा ई-मेल **admn2@irieen.railnet.gov.in** पर भेज सकते हैं। **5.** इस कार्यालय की दिनांक 12.02.2025 की अधिसूचना में उल्लिखित अन्य सभी नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

**(ए. के पाठक), प्राध्यापक (लोको)**
**कृते महानिदेशक, इरीन**

Apex-827

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

**ई निविदा सूचना क्रमांक : एलसीएफ/डीआर/एसी/478/2024-15R, दिनांक : 04.03.2025**
उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) दादर, तिलक ब्रिज के पास, पश्चिम रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के सामने, दादर (पश्चिम) मुंबई - 400 028, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये प्रतिष्ठीत ठेकोदारो से क्रिस वैबसाईट पर ऑनलाईन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम तथा स्थानः** मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में कल्याण-कसारा, जेएनपीटी, सीएसएमटी के बीच विभिन्न सेवा भवनों और आरआरआई के वीआरएफ एयर कंडीशनिंग का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 3,37,75,754/-** (तीन करोड़ सैंतीस लाख पचहत्तर हजार सात सौ चौवन रुपये मात्र) **जमा कराये जाने वाली बयाना राशिः ₹ 3,18,900/-** (तीन लाख अठारह हजार नौ सौ रुपये मात्र) **कार्य पूर्ण करने का अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने के दिन से बारह महीना तक (मानसून सहित)। **निविदा पप्रत्र की लागतः** 00 (शून्य) **ऑफर की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **पूरी जानकारी के लिए वैबसाइट, नोटिस बोर्ड का स्थानः** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ क्रिस कि वैबसाइट पता **www.ireps.gov.in** से देखे जा सकते हैं। **निविदा भरने की तारीख तथा समयः** निविदा दस्तावेज़ ऑनलाइन दिनांक 26-03-2025 समय 15:00 बजे तक या पहले भरी जा सकती है। **निविदा खोलने तारीख तथा समयः** निविदा इस कार्यालय मे 15:15 बजे दिनांक 26-03-2025 को खोली जाएगी। **नोट :** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इलेक्ट्रॉनिक रुप से उनके प्रस्तावों को निविदा भरने से पहले, नियम और शर्तो, पात्रता मानदंड, ईएमडी और निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने के तरीके के संबंध में निविदा विवरण के क्रिस के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लेना चाहिए।

**उप मुख्य विद्युत इंजी. (निर्माण), दादर**

Apex-825

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

# विधायक समाधान दादा अवताडे मंगलवेढ़ा-मुंबई फ्रेंड्स एसोसिएशन द्वारा सम्मानित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पंढरपुर-मंगलवेढ़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समाधान दादा अवताड़े का नागरिक अभिनंदन एवं पारिवारिक मिलन समारोह नवी मुंबई के वाशी स्थित आर्य समाज हॉल में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरावती स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक धीरज लिंगाडे ने किया । इस अवसर पर मंगलवेढ़ा-मुंबई मित्रमंडल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सरजेराव सावंत, दत्ता घाडगे, आनंद पाटिल, डॉ. शिवाजीराव पवार, संजय पवार, आजाद पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक समाधान दादा अवताडे द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं एवं



गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। विधायक धीरज लिंगाड़े ने मंगलवेढ़ा और उसकी संस्कृति की यादें साझा करते हुए मित्र संघ की गतिविधियों की सराहना की। विधायक समाधान दादा अवताडे ने कहा कि वह निर्वाचन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मंगलवेढ़ा महोत्सव के आयोजन का विचार भी रखा तथा मंगलवेढ़ा-मुंबई मैत्री संघ से सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने की अपील की। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. सरजेराव सावंत द्वारा प्रस्तावना रखी गई। इस अवसर पर दत्ता घाडगे और आनंद पाटिल ने अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकार मंदार जोशी ने विधायक समधनदादा अवताड़े के साथ हंसी-मजाक के माहौल में एक साक्षात्कार किया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए हल्दी-कुंकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संरक्षण अधिनियम 1975 (24 जून 2021 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) के प्रावधानों के अनुसार 'आर/सेंट्रल' वार्ड से 01 प्रस्ताव और 'आर/साउथ' वार्ड से **01** प्रस्ताव। **जोन- VII** में वृक्षों को हटाने के लिए कुल **02** प्रस्तावों को मनपाआयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण MCGM द्वारा उक्त अधिनियम की धारा (8) की उपधारा (6) के तहत अनुमोदित किया जाता है।

उपर्युक्त प्रस्तावों में कटाई/रोपण के लिए वृक्षों की जानकारी megm वेबसाइट www.mcgm.gov.in पर उपलब्ध है। हमारे बारे में वार्ड/विभाग - विभागीय मैनुअल - उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण - **WS257-R/सेंट्रल, WS258-R/साउथ** पर देखें।

**उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक**
उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक का कार्यालय
दूसरी मंजिल, हम्बोल्ट पेंगुइन बिल्डिंग वी.जे.बी उद्यान एवं
चिड़ियाघर, संत सावता माली मार्ग, भायखला (पूर्व),
मुंबई-400 027 दूरभाष संख्या 23742162
ईमेल- sg.gardens@mcgm.gov.in

हस्ता./-
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

पीआरओ/2716/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# पंजाब में उबाल

भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुए आंदोलन से उपजे हालात पर आम लोग कहते रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण रखने वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की सख्ती के चलते अशांत नजर आता है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत कहा जाता था, अब खुद को प्रमुख हितधारकों- किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि कहां कमी रही कि कृषि क्षेत्र अशांत बना हुआ है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि मुख्यमंत्री मान ने किसानों की बैठक में से नाटकीय ढंग से वॉकआउट करके अपनी हताशा को ही जाहिर किया है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री का कहना है कि पंजाब में किसान संगठनों में आंदोलन करने की होड़ मची है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि पंजाब धरनों का राज्य बनता जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार जंग लड़ रही है। सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिये तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों सहित पंद्रह राजस्व अधिकारियों को निलंबित किया है। साथ ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन न करने वाले कई अन्य अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसके विरोध में राजस्व अधिकारियों ने तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त की। जिसके प्रत्युत्तर में राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने का विकल्प चुना। जिसके चलते प्रशासनिक काम बुरी तरह प्रभावित हुआ। हालांकि, बुधवार शाम उन्होंने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि भले ही सरकार सख्त रवैया अपनाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के जरिये अपनी ताकत दिखा सकती है, लेकिन प्रणालीगत भ्रष्टाचार और नौकरशाही की नाराजगी की गहरी गुत्थी अभी भी अनसुलझी है। सवाल उठाया जा रहा है कि सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है? वहीं प्रशासन का तर्क है कि लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शन से बड़े निवेशक पंजाब में निवेश करने से कतरा रहे हैं। जिससे राज्य का आर्थिक विकास बाधित हो सकता है। लेकिन सवाल यह भी कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है? जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता दर्शायी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और गहरा होता है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन की रीति-नीतियों पर भी सवाल उठाता है जो आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोता प्रतीत हो रहा है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

# नई व्यापार रणनीति से मुकाबले की कोशिश



अमेरिका के टैरिफ वॉर के मुकाबले के लिए भारत की नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं एक असरकार हथियार है। भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। इससे भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है।

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए हैं। इससे नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। अब भारत भी टैरिफ वृद्धि के मद्देनजर अमेरिका के निशाने पर है। जहां भारत में अमेरिकी टैरिफ से टेक्सटाइल, दवाई, ऑटोमोबाइल, इस्पात, एल्युमीनियम और सेमीकंडक्टर जैसे सेक्टर्स में चिंताएं हैं, वहीं हमारे शेयर बाजार के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी गिरावट के दौर में हैं। ऐसे में भारत अमेरिका के लिए उपयुक्त टैरिफ रियायतों की नई रणनीति के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की ट्रंप की टैरिफ मार से मुकाबला करने को सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह भी है कि जहां अमेरिका से निर्मित टैरिफ चुनौतियों के बीच अब भारत को निर्यात के नए मौके मिलने की उम्मीद है, वहीं ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे सकेगा। चार मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ आर्थिक कारोबारी साझेदारी मजबूत करना चाहता है। हमारे उद्योग-कारोबार क्षेत्र को नए मौके हासिल करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए।

दरअसल, ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट और रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति के कारण दुनिया में तेजी से आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है। नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। ऐसे में भारत ने रणनीतिपूर्वक एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट में अमेरिका से आने वाली वस्तुओं जैसे महंगी मोटरसाइकिल, सैटेलाइट के लिए ग्राउंड इंस्टॉलेशन और सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस जैसे कुछ सामानों पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ऐसी नई रणनीति पर आगे बढ़ा है, जिसमें मित्र देशों को पर्याप्त रियायतें भी हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। पिछले माह फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। इसी तरह अमेरिका और ब्रिटेन

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर भी भारत ने रणनीति तय की है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका, यूरोपीय आयोग और ब्रिटेन इन तीनों का भारत के कुल द्विपक्षीय वैश्विक कारोबार में एक-तिहाई से भी ज्यादा का हिस्सा है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की ऐसी डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं, जो उन्होंने तीसरे कार्यकाल से ही लगातार आगे बढ़ाना शुरू किया है।

निस्संदेह, अमेरिका के टैरिफ वार के मुकाबले के लिए भारत की नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भारत का एक असरकार हथियार है। भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। एक ओर अमेरिका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाने से जिन क्षेत्रों में चीन अमेरिका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमें से कई क्षेत्रों में अमेरिका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है। इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल उपकरण, मोबाइल फोन, फुटवीयर, टेक्सटाइल और गार्मेंट्स, फर्नीचर और घर के सजावटी सामान, वाहनों के कल पुर्जे, खिलौने और रसायन आदि शामिल हैं। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा। इतना ही नहीं, ट्रंप के रुख और नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे रहा है। चीन में मैन्यूफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं।


ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट की रणनीति की तर्ज पर भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी इंडिया फर्स्ट की रणनीति को तेजी से आगे बढ़ाकर घरेलू उद्योग कारोबार और अर्थव्यवस्था को तेजी से बेरोकटोक आगे बढ़ाने के मौके को मुट्ठी में ले सकते हैं।

जीवन मंत्र

## सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ाना है तो इन 5 आदतों को त्याग दें

खुद की कमियां निकालते हैं तो इससे आपकी सेल्फ एस्टीम प्रभावित होती है। और आपके अंदर का आत्मविश्वास कमजोर होने लगता है। आपको खुद पर विश्वास नहीं रहता कि कोई काम आप अकेले कर सकते हैं।

हर इंसान में सेल्फ कॉन्फिडेंस का होना जरूरी है। ये एक ऐसी जरूरी चीज है जिसके बल पर वो दुनिया में कुछ भी हासिल कर सकता है। जिस इंसान में सेल्फ कॉन्फिडेंस की कमी होती है वो ज्यादातर सक्सेज नहीं पाते। अगर आपके अंदर भी सेल्फ कॉन्फिडेंस की कमी रहती है तो जरा इन 5 आदतों पर गौर करें। अगर ये आदते आपकी लाइफ का हिस्सा हैं तो फौरन इन्हें दूर कर दें। तभी आत्मविश्वास बढ़ पाएगा। अगर आप खुद के बारे में हमेशा निगेटिव बातें बोलते और सोचते हैं। खुद की कमियां निकालते हैं तो इससे आपकी सेल्फ एस्टीम प्रभावित होती है। और आपके अंदर का आत्मविश्वास कमजोर होने लगता है। आपको खुद पर विश्वास नहीं रहता कि कोई काम आप अकेले कर सकते हैं। इसलिए सेल्फ वैल्यूएशन करने और खुद को क्रिटिसाइज करने के बीच का फर्क समझकर निगेटिव सोचना बंद करें।



किसी भी काम में परफेक्शन अच्छी बात है लेकिन यहीं परफेक्शन की चाह कई बार आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है। क्योंकि जरा सी कमी भी बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं और कई बार सेल्फ कॉन्फिडेंस पर निगेटिव असर पड़ता है।

दूसरों से तुलना करना अगर आदत बन जाती है तो खुद में केवल कमियां ही कमियां नजर आती हैं। जिसकी वजह से आत्मविश्वास कमजोर होता है। अगर आप लाइफ में आने वाले नए चैलेंज को एक्सेप्ट नहीं करते हैं तो ये आपकी ग्रोथ को रोक सकती है। क्योंकि मन में बात आती है कि मुझसे ये काम नहीं होगा, जो कि पूरी तरह से कमजोर आत्मविश्वास की निशानी है।

लाइफ में और अपने आसपास आपसे जुड़े लोगों के जीवन में हो रही किसी भी समस्या के लिए अगर आप खुद को जिम्मेदार ठहराते हैं, तो ये सेल्फ कॉन्फिडेंस को कमजोर बना देती है।

शख्सियत | साधना सरगम

## हिंदी, बंगाली और तमिल भाषा की पार्श्व गायिका



साधना सरगम एक भारतीय गायिका हैं जो भारतीय सिनेमा में मुख्य रूप से हिंदी, बंगाली और तमिल भाषा की फिल्मों में अपने पार्श्व करियर के लिए जानी जाती हैं। वह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और दक्षिण फिल्मफेयर पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं। उन्होंने पांच महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार, चार गुजरात राज्य फिल्म पुरस्कार और एक उड़ीसा राज्य फिल्म पुरस्कार भी जीता है।

साधना सरगम का जन्म 7 मार्च 1969 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के बंदरगाह शहर दाभोल में संगीतकारों के एक मराठी परिवार में हुआ था। उनकी मां नीला घनेकर एक शास्त्रीय गायिका और संगीत शिक्षिका थीं और वह अरेंजर-संगीतकार अनिल मोहिले को जानती थीं, जिन्होंने तब कल्याणजी-आनंदजी के लिए संगीत की व्यवस्था की थी। उन्होंने उनसे सरगम का परिचय कराया, और वह जी. पी. सिप्पी की तृष्णा (1978) में किशोर कुमार द्वारा गाए गए पम पररामपम, बोले जीवन की सरगम में बच्चों के कोरस में थीं। सरगम ने 4 साल की उम्र में सवाई गंधर्व संगीत समारोह में प्रस्तुति दी थी। सरगम ने अपने पार्श्वगायन की शुरुआत एक गुजराती फिल्म कंकू पगली से की। उनका पहला हिंदी गाना फिल्म रुस्तम का सोलो ₹दूर नहीं रहना था। हालाँकि, रुस्तम में देरी हुई और इसे 1985 में रिलीज़ किया गया, और सरगम की पहली रिलीज़ फिल्म सुभाष घई की विधाता (1982) थी जिसमें उन्होंने अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे के लिए सात सहेलियां गाना गाया था। कल्याणजी-आनंदजी द्वारा रचित इस गाने में किशोर कुमार और अलका याग्निक की भी आवाज थी।

सरगम ने संगीत निर्देशक काजोल-सरोज के लिए हिंदी और उड़िया में कई गाने गाए। उन्होंने हिंदी फिल्म जोधा अकबर से ₹मन मोहना₹ का तमिल संस्करण भी गाया है। एक और फुट-टैपिंग हालिया एकल तमिल गीत विद्यासागर द्वारा रचित जयमकोंडान का सुत्री वरुम भूमि और बाना कथाडी का एन नेन्जिल है। उन्होंने 2008 में चंद्रमुखी के हिंदी-डब संस्करण के लिए रारा अरे तू आजा.. ट्रैक भी गाया। 2009 में फिल्म सावरी से सरगम के कन्नड़ गीत मराली मारेयागी को खूब सराहा गया और कई प्रशंसाएं जीतीं। हाल ही में इलैयाराजा द्वारा रचित तमिल फिल्म नान कदवुल में अम्मा उन पिल्लई नामक एक गीत है जिसमें उनकी आवाज़ है। 2015 में, उन्होंने ऐतिहासिक नाटक, रुद्रमादेवी (साउंडट्रैक) में इलैयाराजा के लिए दो गाने गाए।

जीवन ऊर्जा

अनुपम खेर : जन्म 7 मार्च 1955 | जन्म

## चुनौतियां ही जीवन को रोचक बनाती हैं

अनुपम खेर एक भारतीय अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं जो मुख्य रूप से हिंदी भाषा की फिल्मों में काम करते हैं। उन्हें दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और आठ फिल्मफेयर पुरस्कार मिले हैं। भारतीय सिनेमा और कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 2004 में पद्म श्री और 2016 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। अनुपम खेर का जन्म 7 मार्च 1955 शिमला, पूर्वी पंजाब में हुआ है।

प्रत्येक अभिनेता की अभिनय की एक विशिष्ट शैली होती है, लेकिन असली चुनौती उससे आगे जाकर अज्ञात को तलाशने में है। जीवन में सफलता और असफलता दोनों का अपना स्थान है। दोनों स्थायी नहीं हैं। चुनौतियां ही जीवन को रोचक बनाती हैं; उन पर काबू पाना ही जीवन को सार्थक बनाता है। जिस दिन आप सीखना बंद कर देते हैं उसी दिन आपका बढ़ना भी बंद हो जाता है। जीवन को भरपूर जियो और हर पल को महत्व दो। जीवन को भरपूर जियो और हर पल को महत्व दो। अभिनय



का मतलब दिखावा करना नहीं है, यह काल्पनिक परिस्थितियों में सच्चाई से जीना है। डर सफलता में सबसे बड़ी बाधा है। इसका सामना करें और इस पर विजय प्राप्त करें। खुद पर विश्वास रखें, चाहे दूसरे कुछ भी कहें। आपकी प्रतिभा आपके लिए ईश्वर का उपहार है। आप इसके साथ जो करते हैं वह ईश्वर को आपका उपहार है। द्वेष रखने के लिए जीवन बहुत छोटा है। क्षमा करें और आगे बढ़ें। कड़ी मेहनत और लगन सपनों को हकीकत में बदल सकती है। जोखिम लेने से कभी न डरें। वे विकास और आत्म-खोज की ओर ले जाते हैं। सबसे बड़ी खुशी दूसरों को खुश करने से मिलती है। असफलताओं को खुद को परिभाषित न करने दें। इन्हें सफलता की सीढ़ी के रूप में उपयोग करें। मुस्कुराइए, और पूरी दुनिया आपके साथ मुस्कुराएगी। शक्तिशाली विचार सिर्फ आपकी जेब में हैं। आपके पास जो कुछ है उसके लिए आभारी रहें और जो आप चाहते हैं उसके लिए प्रयास करें। भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसे अच्छा तरीका उसे बनाना है। चाहे कुछ भी हो, अपने प्रति प्रामाणिक और सच्चे रहें। ज़िंदगी एक सफ़र है, न कि मंज़िल। सवारी का आनंद। सफलता पुरस्कारों या प्रशंसाओं की संख्या से नहीं मापी जाती, बल्कि दूसरों पर आपके प्रभाव से मापी जाती है। असफलता अंत नहीं है; यह विकास का अवसर है। आपका दृष्टिकोण जीवन में आपकी ऊंचाई निर्धारित करता है।

## अपने विचार

वो आपत्ति जताएं लेकिन पूरे महाराष्ट्र ने अबू आजमी के बयान पर आपत्ति जताई है. उनको चुनकर लाना है तो यूपी से चुनकर लाएं. सच का क्या मतलब है, सच वह जानते हैं.



**-उद्धव ठाकरे,** प्रमुख, शिवसेना(यूबीटी)

धनंजय मुंडे को पहले ही त्यागपत्र दे देना चाहिए था। यहां तक कि उन्हें मंत्री पद की शपथ ही नहीं लेनी चाहिए थी।



**-पंकजा मुंडे,** मंत्री,महाराष्ट्र

सिर्फ मंत्री पद से मुंडे का इस्तीफा स्वीकार करना ही काफी नहीं है। उन्हें विधायक पद से भी इस्तीफा देना चाहिए। उन पर हत्या का भी मामला दर्ज होना चाहिए।



**-मनोज जरांगे**, मराठा आरक्षण कार्यकर्ता

अभी तक भाजपा की ओर से यह नहीं कहा है कि अगले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। जो लोग भी बिहार की राजनीतिक को देखते और समझते हैं उनको मालूम है कि नीतीश कुमार अब नवंबर के बाद मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे।



**-प्रशांत किशोर** , अध्यक्ष, जन सुराज पार्टी

अपने विचार

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## सत्य बेहद खूबसूरत होता है

एक बुजुर्ग शिक्षिका भीषण गर्मियों के दिनों में बस में सवार हुई, पैरों के दर्द से बेहाल, लेकिन बस में सीट न देख कर जैसे – तैसे खड़ी हो गई। कुछ दूरी ही तय की थी बस ने कि एक उम्रदराज औरत ने बड़े सम्मानपूर्वक आवाज़ दी, आ जाइए मैडम, आप यहाँ बैठ जाएं" कहते हुए उसे अपनी सीट पर बैठा दिया। खुद वो गरीब सी औरत बस में खड़ी हो गई। मैडम ने दुआ दी, बहुत-बहुत धन्यवाद, मेरी बुरी हालत थी सच में। उस गरीब महिला के चेहरे पर एक सुकून भरी मुस्कान फैल गई। कुछ देर बाद शिक्षिका के पास वाली सीट खाली हो गई। लेकिन महिला ने एक और महिला को, जो एक छोटे बच्चे के साथ यात्रा कर रही थी और मुश्किल से बच्चे को ले जाने में सक्षम थी, को सीट पर बिठा दिया।




**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

अगले पड़ाव पर बच्चे के साथ महिला भी उतर गई, सीट खाली हो गई, लेकिन नेकदिल महिला ने बैठने



का लालच नहीं किया, बस में चढ़े एक कमजोर बूढ़े आदमी को बैठा दिया जो अभी अभी बस में चढ़ा था। सीट फिर से खाली हो गई। बस में अब गिनी – चुनी सवारियां ही रह गईं थीं। अब उस अध्यापिका ने महिला को अपने पास बिठाया और पूछा,सीट कितनी बार खाली हुई है लेकिन आप लोगों को ही बैठाते रहे, खुद नहीं बैठे, क्या बात है? महिला ने कहा, मैडम, मैं एक मजदूर हूं, मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं कि मैं कुछ दान कर सकूं। तो मैं क्या करती हूं कि कहीं रास्ते से पत्थर उठाकर एक तरफ कर देती हूं, कभी किसी जरूरतमंद को पानी पिला देती हूं, कभी बस में किसी के लिए सीट छोड़ देती हूं, फिर जब सामने वाला मुझे दुआएं देता है तो मुझे अपनी गरीबी भूल जाती है। दिन भर की थकान दूर हो जाती है । और तो और, जब मैं दोपहर में रोटी खाने के लिए बैठती हूं ना बाहर बेंच पर, तो ये पंछी चिड़ियां पास आ के बैठ जाते हैं, रोटी डाल देती हूं छोटे-छोटे टुकड़े करके। जब वे खुशी से चिल्लाते हैं, तो उन भगवान के जीवों को देखकर मेरा पेट भर जाता है। पैसा धेला न सही, सोचती हूं दुआएं तो मिल ही जाती है ना मुफ्त में। फायदा ही है ना, और हमने लेकर भी क्या जाना है यहां से शिक्षिका अवाक रह गई, एक अनपढ़ सी दिखने वाली महिला इतना बड़ा पाठ जो पढ़ा गई थी उसे । अगर दुनिया के आधे लोग ऐसी सोच को अपना लें तो धरती स्वर्ग बन जाएगी। लेकिन सच तो यह है कि सत्य बहुत सरल है, एक साधारण इच्छा की तरह। कोई मेकअप नहीं, कोई तामझाम नहीं। लेकिन इसकी खूबसूरती यही है कि यह बेहद खूबसूरत होता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे करेंगे महिलाओं का सम्मान



**ठाणे।** जिला परिषद के महिला व बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अनुकरणीय पर्यवेक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं और विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली लड़कियों को सम्मानित किया जाएगा। 8 मार्च को ठाणे के बी.जे. हाईस्कूल सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे करेंगे। आदर्श आंगनवाड़ी सेवक, हेल्पर, पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ता और महिला स्टाफ को उनके समर्पण और बच्चों की देखभाल में उत्कृष्ट योगदान के लिए सराहा जाएगा। पुरस्कार कार्यक्रम के तहत 2 पर्यवेक्षकों, 8 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, 8 आंगनवाड़ी सहायिकाओं और 8 आशा कार्यकर्ताओं जैसे कुल 26 कर्मचारियों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा।

## सेक्स वर्कर महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**भिवंडी।** भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र सरकार की 100-दिवसीय कार्य योजना के तहत विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड समिति क्रमांक तीन के अंतर्गत हनुमान टेकड़ी स्थित सेक्स वर्कर महिलाओं की बस्ती में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल की शुरुआत श्री साईं सेवा संस्थान की संस्थापक डॉ. स्वाति सिंह द्वारा की गई, जिसमें वार्ड समिति क्रमांक तीन के सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर ने मनपा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिविर का संचालन किया। इस शिविर में महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। इस पहल को सफल बनाने में कार्यालय अधीक्षक किशोर पवार, सहायक कार्यालय अधीक्षक सर्वेश चव्हाण, बिट इंस्पेक्टर सूरज गायकवाड़, नारायण पाटिल, सुजीत भोईर, इंद्रपाल जाधव और जयेश जाधव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विधवाओं, निराश्रितों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श



**उल्हासनगर।** बदलते प्रदूषित वातावरण और तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण महिलाओं में कई स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, विशेष रूप से स्तन और गर्भाशय से जुड़ी बीमारियां। इन बीमारियों के इलाज और विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श की बढ़ती लागत ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए इसे कठिन बना दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए, अंबरनाथ की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुणा गणेश राठौड़ ने विधवाओं, निराश्रितों और परित्यक्त महिलाओं को नि:शुल्क चिकित्सा सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करने की घोषणा की है। यह सेवा शिवकृपा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, अंबरनाथ ईस्ट में उपलब्ध होगी।

## ध्वनि प्रदूषण और अनधिकृत मंडपों की शिकायतों के लिए मनपा की हेल्पलाइन

**ठाणे।** उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, ठाणे महानगरपालिका (TMC) ने नागरिकों को ध्वनि प्रदूषण और अनधिकृत या अनियमित मंडपों से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए एक शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित की है। मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन मुद्दों को लेकर तुरंत शिकायत करें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**शिकायत दर्ज कराने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर**

टोल फ्री नंबर – 1800 222 108

एसएमएस एवं व्हाट्सएप – 7500946155

फोन नंबर – 022-25371010

**ई-मेल – rdmc@thanecity.gov.in / pcctmc.ho@gmail.com**

# पुणे-सतारा खंड में लेवल क्रॉसिंग संख्या 31 और 33 का इंटरलॉकिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा

**डीबीडी संवाददाता । पुणे**

मंडल रेल प्रबंधक राजेश वर्मा के मार्गदर्शन में और वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता राजेश मीना के नेतृत्व में, साथ ही पूरी इंजीनियरिंग और सिग्नलिंग टीम के समर्पित प्रयासों से, पुणे मंडल, मध्य रेल ने वाल्हा-नीरा खंड के लेवल क्रॉसिंग संख्या 31 और नीरा-लोणंद खंड के लेवल क्रॉसिंग संख्या 33 को नॉन-इंटरलॉक्ड इंजीनियरिंग फाटकों से इंटरलॉक्ड इंजीनियरिंग फाटकों में सफलतापूर्वक परिवर्तित किया है। यह रेलवे सुरक्षा और परिचालन दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस इंटरलॉकिंग कार्य के लिए लेवल क्रॉसिंग संख्या 32 और नीरा स्टेशन पर भी संशोधन करना आवश्यक था, क्योंकि इसमें जटिल सिग्नल संयोजन शामिल थे। यह कार्य 2 घंटे 50 मिनट के यातायात ब्लॉक के दौरान कुशलतापूर्वक पूरा किया गया।

### अपग्रेड किए गए फाटकों की प्रमुख विशेषताएँ:







इलेक्ट्रिक लॉक बूम (ELB): दोनों फाटकों पर मोटराइज्ड बूम लॉकिंग (M/s Pragati) के साथ स्थापित। BLR के माध्यम से सकारात्मक बूम लॉकिंग सुनिश्चित की गई।

**एकीकृत पावर सप्लाई (IPS):**

1. LC 31: HBL कंपनी का IPS, 200 AH बैटरी (HBL) के साथ।
2. LC 33: Statcon Energia कंपनी का IPS, 200 AH बैटरी (HBL) के साथ।

रिमोट टर्मिनल यूनिट (RTU): Efftronics कंपनी का RTU, जिसे नीरा और मुख्य सर्वर से नेटवर्किंग के साथ जोड़ा गया है, जिससे सभी महत्वपूर्ण रिले संपर्क RTU में वायर्ड हैं।

स्टैंडबाय फ्यूज अलार्म सिस्टम: Reliance कंपनी का स्टैंडबाय फ्यूज अलार्म सिस्टम, दोनों फाटकों पर सभी महत्वपूर्ण फ्यूज को कवर करता है।

स्लाइडिंग बूम और डायरेक्ट लॉकिंग: मुख्य बूम विफल होने की स्थिति में सुरक्षित फाटक बंद करने की सुविधा। गेटमैन और ऑन-ड्यूटी स्टाफ को सुचारू संचालन के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

संशोधित की-लॉक रिले (KLR): आपातकालीन स्थिति में क्रैंक हैंडल द्वारा संचालन की सुविधा।

फायर अलार्म सिस्टम: Agni कंपनी का फायर अलार्म, जिसे डाटालॉगर में वास्तविक समय निगरानी के लिए वायर्ड किया गया है।

अर्थ लीकेज डिटेक्टर: Reliance कंपनी का अर्थ लीकेज डिटेक्टर, सभी महत्वपूर्ण वोल्टेज बस बार की निरंतर निगरानी करता है।

वॉयस लॉगिंग के साथ गेट फोन: विश्वसनीय संचार सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त गेट फोन की सुविधा उपलब्ध।

– सीएलएस पैनल: UP और DN एटी आपूर्ति को MSEB आपूर्ति के साथ निर्बाध संचालन के लिए जोड़ा गया।

नीरा-लोणंद खंड में ड्यूल BPAC का कमीशनिंग

इस इंटरलॉकिंग कार्य के साथ, नीरा-लोणंद खंड में ड्यूल BPAC (ब्लॉक प्रूविंग बाय एक्सल काउंटर) को सफलतापूर्वक कमीशन किया गया है। यह प्रणाली OFC और क्वाड केबल दोनों का उपयोग करके मीडिया रेडंडेंसी से लैस है, जिसमें स्वचालित बदलाव व्यवस्था है, जो निर्बाध और सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करती है।

यह उपलब्धि पुणे मंडल की आधुनिकीकरण और सुरक्षा को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो सुचारू और सुरक्षित रेलवे संचालन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## होम मिनिस्टर कार्यक्रम में उमड़ी महिलाओं की भारी भीड़



**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर में महिलाओं के लिए कपिल पाटिल फाउंडेशन और भारतीय जनता पार्टी भिवंडी शहर जिला के सहयोग से एक भव्य गृह मंत्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब तीन हजार महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### पुरस्कार जीतकर महिलाओं ने मनाया जश्न

कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, हर महिला को एक-एक साड़ी उपहार में दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर महिलाओं ने अपनी खुशियों का इजहार किया।

### गणमान्य लोगों की उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल, भाजपा शहर अध्यक्ष हर्षल पाटिल, शिवसेना शहर प्रमुख सुभाष माने, राकांपा शहर अध्यक्ष प्रवीण पाटिल, भाजपा महिला अध्यक्ष सुनीता टावरे और ममता परमानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# होली और गर्मी में यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम रेलवे की स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे ने होली और ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए 7 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें मुंबई, अहमदाबाद, बांद्रा टर्मिनस, उधना और साबरमती से देश के विभिन्न हिस्सों तक जाएंगी।



### स्पेशल ट्रेनों का विवरण

**1 मुंबई सेंट्रल-कटिहार (साप्ताहिक) स्पेशल**

ट्रेन संख्या: 09189/09190

आवृत्ति: हर शनिवार (मुंबई से) और हर मंगलवार (कटिहार से)

सफर अवधि: 8 मार्च से 1 अप्रैल 2025

प्रमुख ठहराव: वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, प्रयागराज, पाटलिपुत्र, बेगूसराय

**2 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर (साप्ताहिक) स्पेशल**

ट्रेन संख्या: 04714/04713

आवृत्ति: हर शुक्रवार (बांद्रा से) और हर गुरुवार (बीकानेर से)

सफर अवधि: 6 मार्च से 28 मार्च 2025

प्रमुख ठहराव: वडोदरा, महेसाणा, जोधपुर, नागौर

**3 बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी (साप्ताहिक) स्पेशल**

ट्रेन संख्या: 04828/04827

आवृत्ति: हर रविवार (बांद्रा से) और हर शनिवार (भगत की कोठी से)

सफर अवधि: 8 मार्च से 30 मार्च 2025

प्रमुख ठहराव: वडोदरा, साबरमती, पाली मारवाड़

**4 बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर (साप्ताहिक) सुपरफास्ट स्पेशल**

ट्रेन संख्या: 04826/04825

आवृत्ति: हर मंगलवार (बांद्रा से) और हर सोमवार (जोधपुर से)

सफर अवधि: 10 मार्च से 25 मार्च 2025

प्रमुख ठहराव: पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना

**5 उधना-मालदा टाउन (साप्ताहिक) स्पेशल**

ट्रेन संख्या: 03418/03417

आवृत्ति: मंगलवार और सोमवार (उधना से), रविवार और शनिवार (मालदा से)

सफर अवधि: 16 मार्च से 24 मार्च 2025

प्रमुख ठहराव: भुसावल, जबलपुर, प्रयागराज, भागलपुर

**6 अहमदाबाद-दानापुर (साप्ताहिक) स्पेशल**

ट्रेन संख्या: 09417/09418

आवृत्ति: हर सोमवार (अहमदाबाद से) और हर मंगलवार (दानापुर से)

सफर अवधि: 10 मार्च से 1 अप्रैल 2025

प्रमुख ठहराव: मथुरा, कानपुर, प्रयागराज

**7 साबरमती-हरिद्वार (द्वि-साप्ताहिक) स्पेशल**

ट्रेन संख्या: 09425/09426

आवृत्ति: गुरुवार और रविवार (साबरमती से), शुक्रवार और सोमवार (हरिद्वार से)

सफर अवधि: 9 मार्च से 31 मार्च 2025

प्रमुख ठहराव: अजमेर, जयपुर, दिल्ली, मेरठ

# महिलाओं के सम्मान में पश्चिम रेलवे का विशेष आयोजन

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों की शुरुआत कर दी है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और संगठन में समावेशिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।



### 'दिल से' कार्यक्रम से हुआ शुभारंभ

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 6 मार्च 2025 को चर्चगेट स्थित मुख्यालय में "दिल से" कार्यक्रम के साथ समारोह की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने कविता और कहानी सुनाने के सत्र में भाग लिया। कराओके संगीत आयोजन ने समा बांध दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

### महिला स्वास्थ्य पर विशेष सत्र

डॉ. ज्योति इनबा द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया।समारोह के तहत अगले कुछ दिनों में रोमांचक खेल प्रतियोगिताएं, डीजे संगीत और फन फेयर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, 8 मार्च को महिला कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष वेलनेस प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा।

### 10 मार्च को होगा समापन समारोह

समारोह का समापन 10 मार्च 2025 को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा, जिसमें पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र मुख्य अतिथि होंगे। पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती क्षमा मिश्र भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगी।

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय को मिली स्थायी कुलपति

**वर्धा।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय को आखिरकार स्थायी कुलपति मिल गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग की अध्यक्ष और वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. कुमुद शर्मा को कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. कुमुद शर्मा इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति होंगी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, केन्द्र सरकार द्वारा गठित सर्च कमेटी ने कुलपति पद के लिए पांच उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था। राष्ट्रपति, जो विश्वविद्यालय की विजिटर भी हैं, ने प्रो. कुमुद शर्मा के नाम पर मुहर लगाई। प्रो. कुमुद शर्मा का कार्यकाल उनके पद ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले होगा, रहेगा। गौरतलब है कि पूर्व कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने 14 अगस्त 2023 को इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रभारी कुलपति के नेतृत्व में संचालित हो रहा था। अब स्थायी कुलपति की नियुक्ति से विश्वविद्यालय को प्रशासनिक स्थिरता मिलने की उम्मीद है।

**प्रो. कुमुद शर्मा बनीं पहली महिला कुलपति**



## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** – आज प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी।

**वृष** – संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा।

**मिथुन** – रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें।

**कर्क** – आज घर में क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**सिंह** – मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा।

**कन्या** – मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**तुला** – यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें।

**धनु** – नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए।

**मकर** – नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा।

**कुंभ** – कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन** – वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

# जानिए किन राशियों पर शनि का प्रभाव रहता है



शनि ग्रह सबसे धीमी गति से चलता है और एक राशि में लगभग ढाई साल तक रहता है। शनि 28 फरवरी 2025 को शाम 7:01 बजे कुंभ राशि में अस्त हो जाएगा और 6 अप्रैल 2025 तक इसी अवस्था में रहेगा। इसके बाद, 29 मार्च 2025 को शनि मीन राशि में प्रवेश करेगा। इस दौरान, मीन राशि में शनि अस्त अवस्था में रहेगा। इस स्थिति में, तीन राशियों के लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

मेष राशि

शनि की अस्त स्थिति मेष राशि के लिए हानिकारक हो सकती है। खर्चों में वृद्धि हो सकती है और कर्ज लेने की स्थिति भी बन सकती है। आपकी आय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए पैसे का उपयोग सोच-समझकर करें। नए कार्यों की शुरुआत से बचें। मानसिक तनाव बना रह सकता है और कुछ बातें आपको परेशान कर सकती हैं। रिश्तों में गलतफहमियां उत्पन्न हो सकती हैं, जो संबंधों में दरार डाल सकती हैं।

कर्क राशि

कर्क राशि के जातकों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कुछ बातें आपको मानसिक तनाव में डाल सकती हैं। स्वास्थ्य के मामले में भी परेशानी हो सकती है, और अनावश्यक विवादों से आप परेशान रहेंगे। सेहत का ध्यान रखना आवश्यक है, और खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। परिवार के सदस्यों के साथ रिश्ते भी बिगड़ सकते हैं।

वृश्चिक राशि

यदि आप किसी भी कार्य को धैर्यपूर्वक करेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी, लेकिन इसके बावजूद आप चिंतित और परेशान रह सकते हैं। किसी एक काम में ध्यान केंद्रित करना मुश्किल होगा। बार-बार नए प्रयास करने या अत्यधिक उम्मीदें रखने से आपको तनाव हो सकता है। निवेश से बचें, अन्यथा आर्थिक हानि हो सकती है। अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और वाद-विवाद से दूर रहें।



प्रियंका जैन
9769994439

## भ्रष्टाचार मामले में वीडीओ और शिक्षक सस्पेंड

एजेंसी । रायबरेली




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ जांच का निर्देश दिया था। जिला पंचायतराज अधिकारी सौम्यशील सिंह ने मामले की जांच कराई, तो विकास कार्य में भ्रष्टाचार के साक्ष्य मिले। इसके चलते उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक कुमार शुक्ला को निलंबित कर दिया।

## 3 हजार 786 बेघरों को मिला पीएम आवास

एजेंसी । कोरिया



कोरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बेघरों को पक्के मकान उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। बीते 14 महीनों में जिले में 3 हजार 786 हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराए गए। जिससे हजारों परिवारों को सुरक्षित आवास का सपना साकार हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत जिला स्तरीय अधिकारियों की एक टीम गठित कर दूरस्थ गांवों का सतत निरीक्षण किया गया।

## पुलिस के शिकंजे में पीएलएफआई के चार नक्सली

एजेंसी । सिमडेगा



जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को धर दबोचा है। पुलिस को कई दिनों से इसकी तलाश थी। एसडीपीओ बैजू उरांव ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि सिमडेगा के विभिन्न थाना क्षेत्रों के कई मामलों में वांछित पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में से एक सुनील उरांव उर्फ तूफान पाकरटांड़ थाना क्षेत्र में लेवी लेने के मकसद से पहुंचा था। इसी दौरान सूचना के तहत पुलिस ने उसे रंगे हाथ धर दबोचा। इससे पूछताछ के दौरान पाकरटांड़ और सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के कई घटनाओं का खुलासा हुआ।

## दीघा से दीदारगंज की दूरी मिनटों में होगी पूरी

एजेंसी । पटना



बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को दीघा से दीदारगंज तक बने 21 किलोमीटर लंबे जेपी गंगा पथ के अंतिम सेगमेंट का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कंगन घाट से दीदारगंज तक पांच किलोमीटर में बने पुल का भी जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट 31 मार्च तक पूरा हो जायेगा।

# बिगड़ रही हिमालय की सेहत!

## हर साल औसतन 18 से 19 मीटर सिकुड़ रहे ग्लेशियर

एजेंसी । नैनीताल

ग्लोबल वार्मिंग का असर अब साफ तौर पर हिमालयी क्षेत्रों में दिखने लगा है। उत्तराखंड समेत तमाम हिमालयी राज्यों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात ये है कि हिमालय में मौजूद ग्लेशियर हर साल औसतन 18 से 19 मीटर तक खिसक रहे हैं। ये स्टडी ARIES- Aryabhatta Research Institute of Observational Sciences के एक रिसर्च में सामने आई है। हिमालयी क्षेत्रों में ग्लोबल वार्मिंग का क्या असर पड़ रहा है, इसको लेकर नैनीताल स्थित एरीज (आर्य भट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज) के वैज्ञानिकों ने काफी अध्ययन किया। वैज्ञानिकों के अध्ययन में सामने आया है कि हिमालयी क्षेत्र में करीब 35,000 वर्ग किलोमीटर में ग्लेशियर मौजूद हैं। इनमें 9,500 बड़े और हजारों छोटे ग्लेशियर हैं।




### उत्तराखंड में एक हजार से ज्यादा ग्लेशियर मौजूद

अकेले उत्तराखंड की बात करें तो यहां पर 900 बड़े और 300 छोटे ग्लेशियर स्थित हैं। तेजी से बढ़ते तापमान के कारण ये ग्लेशियर लगातार पिघल रहे हैं और अपनी जगह छोड़ रहे हैं। एरीज के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ। नरेंद्र सिंह बताते हैं कि पिछले कुछ सालों से हिमालय में सर्दियों का न्यूनतम और अधिकतम तापमान बढ़ रहा है, जिस वजह से हिमालय के ग्लेशियर भी लगातार पिघल रहे हैं।

"क्लाइमेट चेंज का असर हर जगह हो रहा है, जाहे नार्थ पोल हो या फिर साउथ पोल। हिमालय को हम थर्ड पोल कहते हैं। हिमालय का इको सिस्टम काफी सेंसिटिव है। हमने 57 साल पुराना डेटा लेकर हिमालय के मुख्य 20 से 25 ग्लेशियरों का अध्ययन किया था। अध्ययन के बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे कि हिमालय में मौजूद ग्लेशियर औसतन हर साल 18 से 20 मीटर पीछे खिसक रहे हैं।

**-डॉ नरेंद्र सिंह,** वैज्ञानिक, एरीज

"हिमालय में मौजूद ग्लेशियरों के पिघलने की वजह **Global Warming** और पहाड़ों पर बढ़ता प्रदूषण है। हिमालय में बर्फ का समय से न पड़ना, उसके इको सिस्टम को प्रभावित कर रहा है। कुछ समय पहले इस तरह के वीडियो भी सामने आए थे, जब हिमालय की चोटियां काली पड़ गई थीं, यानी वहां नाममात्र की भी बर्फ नहीं थी। ऐसे में लोगों को पर्यावरण संरक्षण और हिमालय को बचाने के प्रति काम करना चाहिए।

**- डॉ नरेंद्र सिंह,** वरिष्ठ वैज्ञानिक, एरीज

### हिमालय का इको सिस्टम बेहद संवेदनशील

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार, हिमालय को तीसरे ध्रुव (पोल) के रूप में माना जाता है। हिमालय का इको सिस्टम बेहद संवेदनशील है और हिमालय की संरचना भी लगभग 40 मिलियन साल पुरानी है। एरीज ने वैज्ञानिकों ने हिमालय में मौजूद 20 से 25 मुख्य ग्लेशियरों का अध्ययन किया। इसके साथ ही पिछले 57 सालों के डाटा की भी स्टडी की गई।

### संकट में नदियों का अस्तित्व

एरीज की स्टडी में सामने आया है कि हिमालय में मौजूद ग्लेशियर हर साल औसतन 18 से 19 मीटर पीछे खिसक रहे हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ। नरेंद्र सिंह की मानें तो जिस तरह से ग्लेशियर पिघल रहे हैं, वो भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारी अधिकतर नदियां ग्लेशियर के ऊपर ही निर्भर ही हैं।

### क्या है ARIES (एरीज)

बता दें कि आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (ARIES) उत्तराखंड के नैनीताल में मौजूद है। ARIES भारत के शोध संस्था है, जो खंगोल विज्ञान, सौर भौतिकी, खगोली भौतिकी और वायुमंडलीय विज्ञान में विशेषज्ञता रखता है।

## पकड़ा गया बब्बर खालसा का खूंखार आतंकी



**कौशाम्बी।** यूपी एसटीएफ ने गुरुवार को बब्बर खालसा इंटरनेशनल (खालिस्तानी आतंकी संगठन) एवं आईएसआई के माड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया है। इसे कौशांबी जिले से पकड़ा गया है। इसकी पहचान लजर मसीह पुत्र कुलविंदर के रूप में हुई है। इसके कब्जे से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं। पकड़ा गया आतंकवादी महाकुंभ में हमला करने की योजना बनाकर यहां पहुंचा था। केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त इनपुट पर काम करते हुए यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह की टीम ने पंजाब का भगोड़ा एवं बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े खालिस्तानी आतंकी लजर को गिरफ्तार कर लिया है। यह कुरतियां, पोस्ट मकीवल, थाना रामदास, अमृतसर, पंजाब का रहने वाला है।

### फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था

इसके कब्जे से तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल, 13 S&B विदेशी कारतूस जिंदा, एक मोबाइल (बिना सिम कार्ड) और एक फर्जी पते का आधार कार्ड बरामद हुआ है। बताया गया कि इसने फर्जी अभिलेखों के आधार पर गाजियाबाद से आधार कार्ड बनवाया था। उसी के माध्यम से फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था। पूछताछ में पता चला कि आतंकी लजर पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के संपर्क में है। वह आर्म्स हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल गया था। जेल के अंदर गैंगवार में इसे चोट लग गई थी। इलाज के लिए गुरू नानकदेव हास्पिटल, अमृतसर में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में पुलिस को चकमा देकर 24 सितंबर 2024 को फरार हो गया था।

## छत्तीसगढ़ में 13 महीने में 171 औद्योगिक दुर्घटनाएं

▶▶ 124 श्रमिकों की मौत, 86 घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस साल 31 जनवरी तक 13 महीनों में 171 औद्योगिक दुर्घटनाएं हुई हैं। इन हादसों में 124 श्रमिकों की मौत हो गई और 86 घायल हुए हैं। छत्तीसगढ़ के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष के नेता चरण दास महंत के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है। बजट सत्र के दौरान विधानसभा में मंत्री देवांगन ने बताया कि एक जनवरी 2024 से इस साल 31 जनवरी तक औद्योगिक इकाइयों में 171 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 124 श्रमिकों की मौत हो गई और 86 अन्य घायल हो गए।

### मजदूरों को दिया गया मुआवजा




उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने जवाब में बताया, इन दुर्घटनाओं में मृत श्रमिकों के परिजनों को 17 करोड़ 23 लाख 68 हजार 454 रुपये का मुआवजा दिया गया, जबकि घायल श्रमिकों को 60 लाख 32 हजार 342 रुपये की सहायता दी गई है। सदन में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने ये भी बताया कि ऐसी दुर्घटनाओं में मृत श्रमिकों के परिवार के सदस्यों के पुनर्वास के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है, क्योंकि इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है।

## भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए बाबूलाल मरांडी



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष होंगे। गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया। केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव ने इसकी घोषणा की। भूपेंद्र यादव ने सर्वसम्मति से बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता घोषित किया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए लंबा संघर्ष किया है।

## जनता दर्शन' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

▶▶ 250 फरियादियों की समस्याएं सुनीं, बोले- जरूरतमंदों के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 250 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। सीएम ने आश्वस्त किया- ' चिंता न करें, समस्याओं का समाधान होगा। जनता की हर समस्या का निवारण सरकार की पहली प्राथमिकता है'। मुख्यमंत्री ने सुबह गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद बच्चों से मुलाकात की और उन्हें टॉफी, चॉकलेट देकर पढ़ाई के बारे में पूछा। सीएम से मिलने पहुंची एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए उनसे गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी। इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठे लोगों तक पहुंचे।

### हर जरूरतमंद को मिलेगी इलाज में मदद



मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को दिया और निर्देश दिए कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए।





## अधिकांश उत्पादों से शुल्क हटाए जाने के पक्ष में अमेरिका

▶▶ भारत की तरफ से लगातार टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका के साथ की जा रही चर्चा

▶▶ कृषि उत्पादों को छोड़कर बाकी सभी उत्पादों पर शून्य टैरिफ चाहता है अमेरिका

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा छेड़े गए टैरिफ युद्ध के बीच भारत के स्तर से सभी स्तर पर जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं। भारत सरकार लगातार अमेरिकी के साथ बातचीत कर मुद्दे को सुझाने की कोशिश में लगी है। इसके लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की तरफ से वार्ता की जा रही है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सारे मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अमेरिका में हैं, जो लगातार अमेरिका में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ वार्ता कर रहे हैं। उधर, सूत्र बताते हैं कि अमेरिका चाहता है कि कृषि उत्पादों को छोड़कर अन्य सभी उत्पादों में आयात शुल्क शून्य हो लेकिन भारत कुछ उत्पादों पर टैरिफ को चरणबद्ध तरीके से कम करने के पक्ष में है।



### भारत भी अपने तरफ से रख सकता है कुछ मांगे

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. अरुण कुमार कहते हैं कि भारत-अमेरिका वार्ता में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हो सकती है। अमेरिका टैरिफ दरों को शून्य करने की मांग कर रहा है तो वहीं, भारत इसके बदले वीजा से जुड़े प्रावधानों में नरमी की मांग कर सकता है। इसके साथ ही, भारत नए क्षेत्रों में व्यापार को लेकर भी कुछ छूट की मांग कर सकता है। क्योंकि आने वाले वर्षों में भारत सेमीकंडक्टर समेत अन्य उत्पादों के उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा।

### भारत सरकार सारे मामले को बातचीत के साथ सुलझाने के पक्ष में

दो दिन पहले अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि जो देश जितना टैरिफ लगाता है, उस पर अमेरिका भी उतना ही टैरिफ लगाएगा। साथ ही, ऐलान किया कि भारत में नया टैरिफ 2 अप्रैल से लागू हो जाएगा। ऐसे में भारत के लिहाज से चिंताएं बढ़ गई है लेकिन भारत सरकार सारे मामले को बातचीत के साथ सुलझाने के पक्ष में है। जानकार बताते हैं कि भारत अमेरिका को यह समझाने की कोशिश कर रहा है कि अगर अमेरिका व्यापार और भू-राजनीतिक नजरिए से चीन को टक्कर देना चाहता है तो उसे भारत को व्यापार के लिहाज से कुछ ढिल देनी होगी। भारत की स्थिति कनाड़ा, मैक्सिको या फिर चीन जैसे नहीं है। भारत लगातार टैरिफ दरों को कम कर रहा है और जिन उत्पादों पर टैरिफ ज्यादा है, उस कम करने के लिए थोड़ा समय चाहिए। अगर भारत यह समझाने में सफल रहता है तो हो सकता है कि भारत पर दो अप्रैल से नया टैरिफ लागू न हो लेकिन यह सब आने वाले दिनों में अमेरिका के साथ चल रही वार्ता के नतीजों पर निर्भर होगा।

### डीबीडी एक्सप्लेनर — दोनों देशों का बीच व्यापार

इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार 118.2 अरब अमेरिकी डॉलर का था जो उससे पहले वित्तीय वर्ष 2022 में 128.78 अरब अमेरिकी डॉलर का रहा था। वित्तवर्ष 2024 में भारत ने अमेरिका के साथ 36.8 अरब डॉलर का व्यापार लाभ दर्ज किया। क्योंकि निर्यात 77.5 अरब डॉलर का हुआ था और आयात 40.7 अरब डॉलर रहा।

## मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

▶▶ सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर 74,340 पर बंद

▶▶ निफ्टी में 207 अंकों की तेजी है, 22,544 के स्तर पर हुआ बंद

**नई दिल्ली।** मजबूत ग्लोबल संकेतों, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर इंडेक्स की कमजोरी के चलते भारतीय शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन मजबूती दिखाई। हालांकि, शुरुआती बढ़त के बाद बिकवाली का दबाव बना, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में चले गए, लेकिन निवेशकों की लिवाली से बाजार में फिर तेजी लौट आई। बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंकों की बढ़त के साथ 74,340.09 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 207.40 अंकों की तेजी के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार में पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, इंफ्रास्ट्रक्चर और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त खरीदारी देखी गई।



### निवेशकों को 4.43 लाख करोड़ का फायदा

आज बाजार में आई मजबूती से निवेशकों की संपत्ति 4.43 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप बढ़कर 397.47 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी) हो गया, जबकि बुधवार को यह 393.04 लाख करोड़ रुपये था।

## खुदरा वाहन बिक्री में सात प्रतिशत की गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

फरवरी 2024 में वाहनों की खुदरा बिक्री 7% घटकर 18,99,196 इकाई रह गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 20,46,328 इकाई थी। वाहन डीलर संघ फाडा (FADA) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों की बिक्री 10% घटकर 3,03,398 इकाई रह गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री 6% गिरकर 13,53,280 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल यह 14,44,674 इकाई थी।



### बाजार धारणा कमजोर, डीलरों पर बढ़ रहा दबाव

फाडा अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने बताया कि फरवरी में सभी श्रेणियों में बिक्री घटी। खुदरा विक्रेताओं ने बिना उनकी सहमति के अधिक वाहन भेजे जाने की शिकायत की। कमजोर बाजार धारणा और ओईएम (OEM) द्वारा अत्यधिक खेप भेजे जाने से भी डीलरों पर दबाव बढ़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार, शुरुआती स्तर के वाहनों की मांग में गिरावट और मंदी की आशंका इसका प्रमुख कारण है। वाहन निर्माताओं को खुदरा विक्रेताओं पर स्टॉक का बोझ डालने से बचने की सलाह दी गई है।

## डिजिटल फुटप्रिंट आधारित क्रेडिट असेसमेंट मॉडल लॉन्च

**विशाखापत्तनम/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए डिजिटल फुटप्रिंट स्कोरिंग के आधार पर नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल लॉन्च किया। इस पहल की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में की गई थी। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद रहे। इस मॉडल से ऋण आवेदन की प्रक्रिया डिजिटल और तेज होगी। कागजी कार्रवाई और बैंक शाखा में जाने की जरूरत कम होगी। डिजिटल मोड के जरिए तत्काल मंजूरी मिलेगी और ऋण प्रस्तावों की प्रोसेसिंग आसान होगी। कम टर्नअराउंड टाइम (TAT) से MSME को तेजी से कर्ज उपलब्ध होगा।

### सिडबी की दो नई शाखाएं भी शुरू



सीतारमण ने राजामहेंद्रवरम और काकीनाडा में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) की दो नई शाखाओं का उद्घाटन किया और एमएसएमई लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे। डिजिटल फुटप्रिंट्स का उपयोग करके ऋण पात्रता का मूल्यांकन किया जाएगा।

न्यूज़ ब्रीफ



## कार्स की जगह हैदराबाद ने वियान को अपने साथ जोड़ा

एजेंसी । हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने ब्राइडन कार्स की जगह दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर को आईपीएल के लिए गुरुवार को अपनी टीम के साथ जोड़ा। इंग्लैंड के ऑलराउंडर कार्स पैर के अंगूठे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। 27 वर्षीय ऑलराउंडर मुल्डर को 2016 के विजेता और पिछले साल के उप विजेता सनराइजर्स ने 75 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। आईपीएल ने कहा, कार्स चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। मुल्डर ने अब तक दक्षिण अफ्रीका के लिए 18 टेस्ट, 25 वनडे और 11 टी-20 मैच खेले हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड की टीम के सदस्य कार्स को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के दौरान पैर के अंगूठे में चोट लग गई थी।

## दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टोल का निधन

एजेंसी । मेलबर्न

दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और ऑस्ट्रेलिया की तीन बार डेविस कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे फ्रेड स्टोल का निधन हो गया है। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वह 86 वर्ष के थे। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के सीईओ क्रेग टिली ने स्टोल को खिलाड़ी के रूप में और बाद में एक कमेंटेटर के रूप में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बताया। टिली ने निधन का कारण नहीं बताया। टिली ने कहा, उनकी विरासत उत्कृष्टता, समर्पण और टेनिस के प्रति गहरा प्रेम है। ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के स्टार सदस्य, फ्रेड ने एक कोच और चतुर टिप्पणीकार के रूप में अपने शानदार करियर से खेल में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## महिला एशिया पैसीफिक गोल्फ में शीर्ष 10 में मन्नत बरार

एजेंसी । डा नैंग (वियतनाम)

भारत की मन्नत बरार ने महिला अमेच्योर एशिया पैसिफिक गोल्फ टूर्नामेंट में गुरुवार को चार अंडर 67 के स्कोर से टूर्नामेंट के किसी दौर में किसी भारतीय के सर्वश्रेष्ठ स्कोर की बराबरी की। इससे पहले 2021 में यूएई के अबु धाबी गोल्फ के दूसरे दौर में अनिका वर्मा ने भी चार अंडर 68 का स्कोर बनाया था। अनिका ने संयुक्त नौवां स्थान हासिल किया था जो किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। टूर्नामेंट में छह भारतीयों के बीच मन्नत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल काउंटडाउन

# टीम इंडिया के मिस्टर भरोसेमंद बने अक्षर

- बल्ले और गेंद से सफेद गेंद की क्रिकेट में टीम के लिए साबित हो रहे उपयोगी





'हम अक्षर की योग्यता और क्षमता को जानते हैं और हमने उसे पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने का लगातार मौका दिया है ताकि वह अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखे। उसने जब से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी शुरू की तब से उसने अच्छा योगदान दिया है।'
–गौतम गंभीर, भारतीय कोच

एजेंसी । दुबई

अक्षर पटेल अब टीम इंडिया के नए मिस्टर भरोसेमंद बन चुके हैं। गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वह सफेद गेंद के क्रिकेट में टीम के लिए संकटमोचक साबित हो रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के अंतिम मुकाबले में उन्होंने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का विकेट लेकर भारत की जीत की राह आसान कर दी। न्यूजीलैंड को 250 रनों का लक्ष्य मिला था और विलियमसन 81 रन बनाकर भारत के लिए खतरा बन चुके थे। तभी अक्षर की आखिरी गेंद पर विलियमसन आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद उन्हें चकमा दे गई और केएल राहुल ने स्टंपिंग कर दी। इस विकेट ने भारत को मैच में वापसी दिलाई, हालांकि वरुण चक्रवर्ती के 5 विकेटों ने ज्यादा सुर्खियां बटोरीं।

### जडेजा की छाया से बाहर निकलने के लिए किया संघर्ष

अक्षर को शुरुआत में रविंद्र जडेजा जैसे समान खेल शैली वाले खिलाड़ी के कारण ज्यादा मौके नहीं मिले। लेकिन 2022 से उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर खासा काम किया, जिससे वह टीम में अपनी अलग पहचान बना सके। पांचवें नंबर पर भेजे जाने के बाद वह टीम की उम्मीदों पर पूरी तरह खरे उतरे। अक्षर की मौजूदगी से टीम इंडिया को मध्यक्रम में दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का अच्छा संयोजन मिला। ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में केएल राहुल की भूमिका के कारण यह संतुलन टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी स्वीकार किया कि अक्षर को पांचवें नंबर पर खिलाने का फैसला सही साबित हुआ।

### नंबर गेम

- 80 रन अक्षर ने पांचवें नंबर खेलते हुए टूर्नामेंट में 26.66 की औसत से बनाए हैं
- 5 विकेट भी 4.51 की इकोनॉमी से चटका चुके हैं अब तक चैंपियंस ट्रॉफी में

**पांचवें नंबर पर पटेल का प्रदर्शन**

| मैच | रन | सर्वोच्च | औसत | 4/6 |
|---|---|---|---|---|
| 8 | 254 | 52 | 36.28 | 22/6 |

'इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले उसे स्पष्ट संदेश दे दिया गया था कि चाहे किसी भी तरह की स्थिति हो उसे पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी है। उसने पिछले साल से अपनी बल्लेबाजी में काफी सुधार किया है। इसलिए हमें लगा कि मध्यक्रम में हम उसकी बल्लेबाजी का फायदा उठा सकते हैं।'
–रोहित शर्मा, भारतीय कप्तान

### बल्ले से भी दिखाया दम

वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में नाबाद 64 रन बनाकर अक्षर ने अपनी बल्लेबाजी क्षमता साबित की। श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो वनडे में 44 रनों की पारी खेलकर उन्होंने पांचवें नंबर की चुनौती स्वीकार की। इसके बाद उन्होंने 52, नाबाद 41, 8, नाबाद 3, 42 और 27 रन की अहम पारियां खेलीं।

महिला प्रीमियर लीग

## गुजरात जीत की 'हैट्रिक' लगाएगी या दिल्ली 'चौका'



- 10 अंक सात मैच में पांच जीत से लेकर दिल्ली की टीम शीर्ष पर है
- 06 अंक छह मैचों में तीन जीत से लेकर दूसरे स्थान पर है गुजरात

एजेंसी । लखनऊ

लगातार दो जीत से महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। इसमें उसकी नजर जहां 'जीत की हैट्रिक पर होगी, वहीं दिल्ली की टीम 'जीत का चौका लगाना चाहेगी। कप्तान मेग लैनिंग की दिल्ली कैपिटल्स ने इस चरण में उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन किया है, फिर भी वह खतरनाक बनी हुई हैं जबकि भारत की बल्लेबाज शेफाली वर्मा (260 रन) ने अपने आक्रामक खेल से टूर्नामेंट में धूम मचा दी है।

### दो बड़ी जीत से दूसरे स्थान पर

गुजरात अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत (बेंगलुरु पर छह विकेट से, यूपी पर 81 रन से) ने उसे पांच टीम की तालिका में छह मैच में छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। 10 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। विजयी हैट्रिक लगा चुकी टीम एक और जीत से अपने नेट रन रेट को भी बेहतर करना चाहेगी। गुजरात के लिए अब चीजें सही हो रही हैं जिसने बेंगलुरु के खिलाफ सभी मुश्किलों के बावजूद कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में जीत दर्ज की। इसमें कप्तान एश्ले गार्डनर (नाबाद 58) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 30) ने अहम भूमिका निभाई। फिर जायंट्स ने बेथ मूनी के नाबाद 96 रन और गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन से यूपी वॉरियर्स को रौंदा।

## ओलंपिक तैयारियों पर दो दिवसीय बैठक आज से

एजेंसी । हैदराबाद

भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने और खाका तैयार करने लिए दो दिवसीय बैठक शुक्रवार से यहां शुरू हो रही है। विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों, वरिष्ठ प्रशासकों और प्रमुख सरकारी अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया करेंगे।



### दोहरे अंक में पदक की आस

बैठक का आयोजन शहर के 'कान्हा शांति वनम में किया जाएगा। भारत 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में दोहरे अंक में पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है, साथ ही 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली भी लगा रहा है। भारत मेजबानी का दावा पेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को पहले ही आशय पत्र सौंप चुका है। खेल मंत्रालय ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा, विचार-विमर्श खेल प्रशासन को बढ़ाने, जमीनी स्तर की प्रतिभा की पहचान, बुनियादी ढांचे के विकास, समावेशिता और सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। विचार-मंथन सत्र का मुख्य फोकस विभिन्न सरकारी योजनाओं का अवलोकन और उन पर राज्यों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा।

## क्रिकेटर मुशफिकुर रहीम का वनडे से संन्यास

- वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बांग्लादेशी

एजेंसी । ढाका

बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने गुरुवार को तत्काल प्रभाव से वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा दिया। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी बांग्लादेश की उस टीम का हिस्सा था जो चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की। रहीम ने फेसबुक पेज पर लिखा, मैं वनडे प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। मैंने जो भी हासिल किया वह अल्हम्दुलिल्लाह (भगवान का शुक्र है)। हमारी वैश्विक स्तर पर उपलब्धियां सीमित हैं। एक चीज स्पष्ट है, मैंने जब भी अपने देश की तरफ से मैदान पर कदम रखा तो पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ 100 प्रतिशत से अधिक योगदान दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं। मुझे अहसास हो गया है कि यही मेरी नियति है। मैं अपने परिवार, दोस्तों और अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करता हूं जिनके लिए मैंने पिछले 19 वर्षों से क्रिकेट खेली है।



### टी-20 से पहले ही ले चुके हैं संन्यास

रहीम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 102 टी-20 में 19.48 की औसत से 1500 रन बनाए हैं। वह टेस्ट क्रिकेट खेलते रहेंगे। इसमें वह बांग्लादेश की तरफ से 100 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। उन्होंने 94 मैच खेले हैं।

### 274 मैचों में 7795 रन बनाए

रहीम ने 20 साल के वनडे करियर में 274 मैचों में 36.42 की औसत से 7795 रन बनाए। वह बांग्लादेश की ओर से सर्वाधिक रन बनाने में तमीम इकबाल (8357 रन) के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने नौ शतक और 49 अर्धशतक जड़े।

## गिरी को हराकर अरविंद ने बनाई एकल बढ़त

प्राग मास्टर्स शतरंज

एजेंसी । प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में गुरुवार को काले मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड्स के अनीश गिरी को 39 चाल में हराकर एकल बढ़त बना ली। आर प्रज्ञाननंदा ने खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है। वह प्रज्ञाननंदा (4.5) से आधे अंक की बढ़त पर हैं।



### दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी

अब दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हराया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनों ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी। तुर्किए के 16 वर्षीय गुरेल एडिज ने चेक गणराज्य के गुयेन थाई दाई वान को पराजित किया। चेक गणराज्य के ही डेविड नवारा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला।

### वेई यी, एडिज, कीमर और शैंकलैंड संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर


वेई यी, एडिज, कीमर और शैंकलैंड 3.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक है जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं। अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष 15 में प्रवेश किया।



## सुपर कप फुटबॉल भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से होगा शुरू

एजेंसी । भुवनेश्वर

फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरू होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की घोषणा के अनुसार नॉकआउट प्रारूप वाले टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिता में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 13 क्लब और आई-लीग के तीन क्लब शामिल होंगे। सुपर कप का पहली बार 2018 में आयोजन किया गया था। इसमें आईएसएल टीमों का दबदबा रहा है। वर्ष 2018 में बेंगलुरु एफसी ने इसका खिताब जीता। 2019 में एफसी गोवा ने फाइनल में चेन्नइयन एफसी को हराया। फिर कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2020 और 2022 के बीच आयोजित नहीं किया गया लेकिन 2023 में ओडिशा एफसी ने बेंगलुरु एफसी को हराकर खिताब जीता था जबकि 2024 में ईस्ट बंगाल ने ट्रॉफी उठाई। इस तरह पिछले चार संस्करणों में आईएसएल क्लबों ने जीत दर्ज की है।





## मुश्किल में हनी सिंह!

### अभिनेत्री नीतू चंद्रा इस गाने के खिलाफ पहुंची पटना हाई कोर्ट

मशहूर अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने गायक हनी सिंह के नए गाने 'मेनियक' के खिलाफ पटना हाई कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अदालत में एक जनहित याचिका दाखिल करके कहा है कि गाने में असभ्यता दिखाई गई है। हनी सिंह का गाना 'मेनियक' हाल ही में यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। एक महीने में गाने पर सात मिलियन व्यूवज आ चुके हैं। इसमें ईशा गुप्ता ने डांस किया है।

### जनहित याचिका में इन लोगों का भी है नाम

इस जनहित याचिका पर इसी महीने सुनवाई हो सकती है। जनहित याचिका में हनी सिंह के अलावा उन लोगों के भी नाम हैं जिन लोगों ने इस गाने को बनाने में साथ दिया है। इसमें गीतकार लिओ ग्रेवाल और भोजपुरी गायिका रागिनी विश्वकर्मा और अर्जुन अजनबी का भी नाम है। अपनी जनहित याचिका में पटना की अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने अदालत से मांग की है कि वह गीतकार को गाने के बोल बदलने का निर्देश दे।

## 'चेक बाउंस' मामला: कोर्ट ने खारिज की राम गोपाल वर्मा की याचिका

मुंबई की एक सत्र अदालत ने 'चेक बाउंस' मामले में जेल की सजा निलंबित करने की फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा की याचिका खारिज करते की। अदालत ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। इससे पहले 21 जनवरी को अंधेरी में न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) वाई पी पुजारी ने वर्मा को परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया था। अदालत ने फिल्मकार को तीन महीने की सजा सुनाई थी और उन्हें तीन महीने के भीतर शिकायतकर्ता को 3,72,219 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश भी दिया था। फिल्म निर्माता ने बाद में सत्र न्यायालय में याचिका दायर कर सजा को निलंबित किए जाने का अनुरोध किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए ए कुलकर्णी ने चार मार्च को याचिका खारिज कर दी और राम गोपाल वर्मा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया,क्योंकि वह अदालत में पेश नहीं हुए। वारंट के निष्पादन के लिए मामले को 28 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी अदालत में पेश होने के बाद जमानत के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र है।

### गैर जमानती वारंट जारी



### क्या है मामला?

राम गोपाल वर्मा के खिलाफ 2018 में एक कंपनी ने 'चेक बाउंस' होने की शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायतकर्ता की कंपनी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता राजेश कुमार पटेल ने अदालत में एक हलफनामा पेश किया था जिसमें कहा गया था कि कंपनी पिछले कई साल से 'हार्ड डिस्क' उपलब्ध कराने का व्यवसाय कर रही है। हलफनामे में कहा गया था कि कंपनी ने आरोपी के अनुरोध पर फरवरी 2018 और मार्च 2018 के बीच 'हार्ड डिस्क' उपलब्ध कराई थी, जिसके बाद 2,38,220 रुपये की कर चालान राशि जारी की गई थी। हलफनामे के अनुसार,आरोपी ने उस वर्ष एक जून को शिकायतकर्ता को एक चेक जारी किया,जो अपर्याप्त धनराशि के कारण बाउंस हो गया,जबकि उसी राशि का दूसरा चेक भी 'भुगतानकर्ता द्वारा रोके जाने' के कारण बाउंस हो गया।

## अब फिल्म बनाएंगी 'मिर्जापुर' की गोलू

'मिर्जापुर' फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने ऐसा क्यों किया? श्वेता के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म LGBTQIA+ पर आधारित है। निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ने के फैसले के बारे में बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने कहा, 'जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया।'



न्यूज़ ब्रीफ

## सोने के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा के पास पेट्रापोल में बुधवार को बीएसएफ के जवानों ने एक व्यक्ति के पास से 49 लाख रुपये से अधिक मूल्य का सोना बरामद किया है। उसने गुदा मार्ग में 564 ग्राम सोना छिपाया हुआ था। पूछताछ में उसने बताया कि लालच और जल्दी पैसे कमाने की चाहत में उसने दुबई से बांग्लादेश के रास्ते भारत में सोने की तस्करी करने की योजना बनाई। हालांकि, बीएसएफ जवानों की सतर्कता के कारण उसकी योजना नाकाम हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला के नारकोटिक्स स्क्वायड ने गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश कर मंगलवार को तीन को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान निमेश कुमार, विकास और जितेंद्र के रूप में हुई है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया किपुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 13.5 किलोग्रा गांजा बरामद किया है। निमेश और विकास अलग-अलग राज्यों से गांजा लाकर जितेंद्र को देना होता था। जितेंद्र का दिल्ली के बॉर्डर इलाकों में अपना नेटवर्क है।

## यूएई में दो भारतीयों को दी गई फांसी की सजा

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दो भारतीयों को फांसी की सजा दी गई है। दोनों भारत के केरल के निवासी थे और हत्याओं के मामले में जेल में बंद थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। विदेश मंत्रालय ने दोनों की पहचान मोहम्मद रिनाश और मुरलीधरन वलप्पिल के रूप में की है।

## सोना घोटाले की आरोपी को सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोना घोटाले की आरोपी नौहेरा शेख से साफ कहा है कि या तो वे 90 दिनों के भीतर निवेशकों को 25 करोड़ रुपये लौटाएं या फिर जेल जाएं। हीरा गोल्ड एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नौहेरा शेख पर लाखों निवेशकों से 5,600 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है। नौहेरा के खिलाफ कई राज्यों में एफआईआर दर्ज हुई हैं।

## भारत के अल्पसंख्यक सबसे भाग्यशाली : रिजिजू

**तिरुअनंतपुरम।** केंद्रीय संसदीय मामलों और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत के अल्पसंख्यक सबसे भाग्यशाली लोग हैं। चूंकि भारत में ऐसे लोगों के लिए विशिष्ट और कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती हैं। ऐसी योजनाएं विश्व में कहीं और नहीं चलती हैं। किरेन रिजिजू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के लिए दक्षिणी क्षेत्र के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला और क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर आरोप लगाया कि कुछ लोग भारत में अल्पसंख्यकों को असुरक्षित बताकर गलतबयानी कर रहे हैं।

# H-4 वीजा वाले हजारों भारतीयों के आगे बेदखली का खतरा

## 21 साल के बाद देश छोड़ने को मजबूर

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिका में अवैध रूप से पहुंचे भारतीयों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में करीब 500 भारतीयों को डिपोर्ट कर भारत भेजा गया, वहीं अब हजारों भारतीय युवाओं पर अमेरिका छोड़ने का खतरा मंडरा रहा है। ये वे लोग हैं, जो H-4 वीजा के तहत अपने H-1B वीजा होल्डर पैरेंट्स के साथ अमेरिका पहुंचे थे। अब जैसे ही वे 21 साल के हो रहे हैं, उनका भविष्य अधर में लटक गया है।



### क्या है विवाद?

अब तक इन युवाओं को अमेरिका में दो साल का अतिरिक्त समय मिलता था, ताकि वे अपने वीजा का स्टेटस बदल सकें। लेकिन नई वीजा नीति में बदलाव के कारण यह अवसर अब नहीं मिल पाएगा। अमेरिका का मौजूदा प्रवासी कानून 21 साल के बाद इन लोगों को डिपेंडेंट नहीं मानता, जिससे वे अपने पैरेंट्स के वीजा के तहत नहीं रह सकते।

### क्यों है ग्रीन कार्ड पाना मुश्किल?

अमेरिका में रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड का बैकलॉग काफी लंबा है। नए आवेदकों को नागरिकता मिल पाना लगभग नामुमकिन है। H-1B वीजा के लिए हर साल केवल 65,000 आवेदन ही स्वीकार किए जाते हैं, जबकि 20,000 अतिरिक्त वीजा उन्हीं लोगों को मिलते हैं, जिन्होंने अमेरिका में मास्टर्स डिग्री ली हो। इस नीति के कारण अब करीब 1.34 लाख भारतीय युवाओं को अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है। कई भारतीय अब कनाडा, ब्रिटेन और अन्य देशों में जाने के विकल्प तलाश रहे हैं, जहां प्रवास की नीतियां अपेक्षाकृत लचीली हैं।

### DACA नियम भी खत्म

पहले अमेरिका में एक नियम था Deferred Action for Childhood Arrivals (DACA), जिसके तहत नाबालिग के तौर पर आए लोगों को अतिरिक्त दो साल का समय नागरिकता के लिए आवेदन करने के लिए दिया जाता था। लेकिन हाल ही में टेक्सास कोर्ट ने इस नियम को समाप्त कर दिया है, जिससे इन भारतीयों के सामने मुश्किलें और बढ़ गई हैं। अमेरिकी सरकार ने H-1B वीजा के लिए रजिस्ट्रेशन पीरियड 7 मार्च से 24 मार्च तक तय किया है, लेकिन इसमें भी फ्रॉड रोकने के लिए नीतियों को और सख्त किया गया है।

सनातन विरोधी टिप्पणी

# उदयनिधि को सुप्रीम राहत

## सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना मामला दर्ज करने पर रोक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आदेश दिया कि उसकी अनुमति के बिना सनातन धर्म विरोधी टिप्पणी मामले में तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन पर कोई नई FIR नहीं होगी। इसके अलावा CJI संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने उदयनिधि के सुनवाई में उपस्थित रहने से छूट का अंतरिम आदेश भी बढ़ा दिया। उदयनिधि ने 2023 के मामले में दायर कई FIR को एक साथ मिलाकर तमिलनाडु में ही एक मामला चलाने की याचिका दायर की थी। इसी पर गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

### 'सनातन धर्म को कोरोना की तरह खत्म कर देना चाहिए'

तमिलनाडु CM एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने 2 सितंबर, 2023 को चेन्नई के एक कार्यक्रम में सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है। उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया और डेंगू से करते हुए इसे खत्म करने की बात कही थी।



### माफी मांगने से इनकार कर चुके हैं उदयनिधि

उदयनिधि ने अपने बयान पर माफी मांगने से इनकार कर दिया था। 7 सितंबर को चेन्नई में एक इवेंट में उन्होंने कहा कि मैंने सनातन को लेकर वही बातें कहीं, जो पेरियार, अन्नादुराई और करुणानिधि भी कहते थे। मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। तमिलनाडु समेत देशभर में कई कोर्ट केस भी हुए। मुझे माफी मांगने के लिए भी कहा गया, लेकिन मैं कलैगनार (कला के विद्वान) का पोता हूं। मैं माफी नहीं मांगूंगा। उदयनिधि ने कहा कि मेरी टिप्पणियों का उद्देश्य महिलाओं के प्रति दमनकारी प्रथाओं के बारे में बताना था। हिंदू धर्म में महिलाओं को पढ़ने की अनुमति नहीं थी। वे अपने घर से बाहर नहीं जा सकती थीं और अगर उनके पति मर जाएं तो उन्हें भी मरना पड़ता था। पेरियार ने इन सबके खिलाफ आवाज उठाई थी।

## पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्या बसु पर मामला दर्ज

**एजेंसी । कोलकाता**

कोलकाता पुलिस ने जादवपुर यूनिवर्सिटी में हुई झड़पों को लेकर पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्या बसु, उनके ड्राइवर और TMC नेता ओम प्रकाश मिश्रा के खिलाफ FIR दर्ज की है। FIR दर्ज करवाने वाले स्टूडेंट ने बताया कि यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन के दौरान बसु की कार से उसे चोट आई हैं। 1 मार्च को छात्र संघ चुनाव की तारीख घोषित करने की मांग को लेकर यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन हुआ था। इसमें SFI और AISA के छात्रों ने बसु



की गाड़ी को घेर लिया, शीशे तोड़ दिए और टायर पंक्चर कर दिए। झड़पों के दौरान शिक्षकों के यूनियन ऑफिस में तोड़फोड़ और आगजनी भी हुई। बसु को चोट लगने के बाद SSKM अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# राजीव गांधी पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस में मचा बवाल

## अशोक गहलोत ने मणि शंकर अय्यर को बताया 'सिरफिरा'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने गुरुवार को अपनी ही पार्टी के नेता मणि शंकर अय्यर पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें ₹सिरफिरा₹ (पागल व्यक्ति) करार दिया। अय्यर ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वह अकादमिक रूप से संघर्ष कर रहे थे और एक एयरलाइन पायलट होने के बावजूद प्रधानमंत्री कैसे बन सकते थे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अय्यर के बयान को हताशा की पराकाष्ठा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान केवल एक सिरफिरा व्यक्ति ही दे सकता है। गहलोत ने गुरुवार को जयपुर में अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की।





उन्होंने बताया कि राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे तब मणिशंकर अय्यर उनके काफी करीबी हुआ करते थे। इतना ही नहीं मनमोहन सिंह सरकार में भी मंत्री रहे और सोनिया गांधी के भी करीबी रहे हैं। वो लंबे समय से राजनीति कर रहे हैं, लेकिन पता नहीं क्यों पिछले कुछ वर्षों से वे लगातार विवादित बयान देते आ रहे हैं।

### BJP ने किया वीडियो शेयर

अय्यर का यह विवादित बयान भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर साझा किया गया था, जिसमें अय्यर को यह कहते सुना गया कि ₹राजीव गांधी इंग्लैंड में दो बार फेल हुए, फिर भी प्रधानमंत्री कैसे बन गए?₹ इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए तंज कसा। गहलोत ने अय्यर की टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए इसे निंदनीय बताया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता द्वारा अपनी ही पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री पर सवाल उठाने से पार्टी के अंदर विवाद गहराने की संभावना जताई जा रही है।

# पीएम ने की सहकारी क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा

## युवाओं-महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सहकारी क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने देश में सहकारी क्षेत्र का विस्तार करने के लिए वैश्विक सहकारी संगठनों के साथ साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, पीएम मोदी ने सहकार से समृद्धि को बढ़ावा देने, तकनीकी के जरिए सहकारी क्षेत्र में बदलाव लाने, सहकारी समितियों में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

### 'संगठनों के बीच प्रतिस्पर्धा की जरूरत'



प्रधानमंत्री ने सहकारी संगठनों के जरिए जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कृषि के कार्य में सुधार के लिए निर्यात बाजारों पर फोकस करने और सहकारिता समितियो के जरिए एक मिट्टी परीक्षण मॉडल विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने वित्तीय लेन-देन को सुविधाजनक बनाने के लिए यूपीआई को रुपे केसीसी कार्ड से जोड़ने के महत्व पर भी प्रकाश डाला और सहकारी संगठनों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सहकारी संगठनों की संपत्तियों का दस्तावेजीकरण जरूरी है।

## अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य का दो दिवसीय दौरा



**नीतू विश्वकर्मा । दानह**


अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता अंतर सिंह आर्य ने दादरा नगर हवेली का दो दिवसीय दौरा किया। 3 मार्च 2025 को सर्किट हाउस में उन्होंने बताया कि यह उनका 88वां दौरा है। इससे पहले वे 87 राज्यों का दौरा कर चुके हैं। आर्य ने बताया कि अब तक 25,000 लंबित मामलों में से 12,000 मामलों में कार्यवाही की गई है। उन्होंने आदिवासी बच्चों को न्याय दिलाने, उनकी संस्कृति और भाषा को संरक्षित रखने और ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रोकने को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में 5वीं अनुसूची लागू करने की मांग उठी थी, जिस पर अब काम शुरू हो गया है। यह आदिवासी समाज को न्याय दिलाने में मदद करेगा। भूमि विवाद या अन्य कोई शिकायत सीधे आयोग में दर्ज कराई जा सकती है, जिससे त्वरित न्याय मिल सके।

# जयशंकर की सुरक्षा चूक पर ब्रिटेन ने दी सफाई

## भारत ने अपनाया कड़ा रुख, ब्रिटिश राजदूत विदेश मंत्रालय में तलब

**एजेंसी । लंदन**

ब्रिटेन में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में बुधवार को गंभीर चूक हुई, जब खालिस्तानी समर्थकों ने उनकी ओर बढ़ने की कोशिश की और भारत विरोधी नारे लगाए। हालांकि, मेट्रोपोलिटन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई, जिसके बाद अब ब्रिटेन सरकार ने सफाई दी है।



### कैसे हुआ सुरक्षा उल्लंघन?

बुधवार को चैथम हाउस (रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स) में जयशंकर के संवाद सत्र के बाद यह घटना हुई। एक खालिस्तानी समर्थक ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, जबकि अन्य ने भारत विरोधी नारे लगाए। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के मुताबिक, मेट्रोपोलिटन पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया और हालात काबू में कर लिए।

### 'ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं करेंगे'

ब्रिटेन ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि यह घटना अस्वीकार्य है और हमने उसी समय तुरंत ऐक्शन लिया। लंदन में विदेश मंत्री की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धमकी देने या डराने की कोई भी कोशिश स्वीकार्य नहीं है।

# एसडीपीआई के खिलाफ धन शोधन मामले में छापेमारी

## राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद कार्रवाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) के राजनीतिक संगठन 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) पर शिकंजा कस लिया है। ईडी ने न शोधन जांच के तहत गुरुवार को एसडीपीआई के करीब 12 स्थानों पर छापे मारे। संघीय जांच एजेंसी की ओर से एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी को गिरफ्तार किए जाने के बाद यह छापेमारी की गई। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में एसडीपीआई मुख्यालय सहित दो स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। केरल में एसडीपीआई मुख्यालय, तिरुवनंतपुरम, मलप्पुरम, आंध्र प्रदेश में नांदयाल, झारखंड में पाकुड़, महाराष्ट्र में ठाणे, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ और जयपुर में भी छापेमारी जारी है।

### पीएफआई और एसडीपीआई संगठनों के बीच एक संगठित संबंध

ईडी ने दावा किया था कि दोनों संगठनों के बीच एक संगठित संबंध है। पीएफआई राजनीतिक दल (एसडीपीआई) के माध्यम से अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। पीएफआई के आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उसे एक गैरकानूनी संगठन बताते हुए केंद्र सरकार ने सितंबर, 2022 में उसे प्रतिबंधित कर दिया था। आपको बता दें कि एसडीपीआई की स्थापना 2009 में हुई थी। इसका मुख्यालय दिल्ली में है। इस पर पीएफआई का राजनीतिक मोर्चा होने का आरोप है। यह भारत निर्वाचन आयोग में एक राजनीतिक दल के रूप में भी पंजीकृत है।

## गृह मंत्रालय की पहल : 32 कार्यालयों को दिया हिंदी दक्ष कार्यालय का दर्जा

**नई दिल्ली।** सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय ने बड़ी पहल की है। मंत्रालय ने आईटीबीपी, एनडीआरएफ और सीआईएसएफ समेत 32 कार्यालयों को हिंदी दक्ष कार्यालय के रूप में मान्यता दी है। यहां 82 फीसदी कर्मचारियों ने हिंदी में काम करने का ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

जागरुकता अभियान > करदाताओं द्वारा 1089.88 करोड़ रुपये की अतिरिक्त विदेशी आय की घोषणा की गई

# अब तक 30 हजार करदाताओं ने घोषित की विदेशी संपत्ति

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अगर विदेश में संपत्ति है तो भलाई इसी में है कि इसकी जानकारी सरकार को दे दें और उसके हिसाब से अपना इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) भरें। क्योंकि दुनिया के 125 देश भारत के साथ भारतीयों की वित्तीय संपत्ति व बैंक खाते की जानकारी साझा करने के लिए राजी हो गए हैं। पिछले साल सितंबर में 108 देशों ने वित्त मंत्रालय के साथ इस प्रकार की जानकारी साझा की।

इस आधार पर इनकम टैक्स विभाग ने उन टैक्सपेयर्स के लिए सख्ती से पहले जागरूकता अभियान चलाया ताकि वे अपनी मर्जी से अपनी विदेशी संपत्ति का खुलासा करते हुए रिवाइज्ड इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर दे। विदेश में संपत्ति रखने वाले 19,501 टैक्सपेयर्स को ई-मेल और एसएमई के माध्यम से उन्हें संपत्ति के खुलासे को लेकर संदेश भेजा गया।




### टैक्सपेयर्स की विदेश में अच्छी खासी संपत्ति

इन टैक्सपेयर्स की विदेश में अच्छी-खासी संपत्ति है या वहां के बैंकों में जमा रकम से उन्हें अच्छी आय हो रही है। इस प्रकार के अभियान का नतीजा यह हुआ 30,161 टैक्सपेयर्स ने यह स्वीकार लिया कि विदेश में उनकी संपत्ति है। सभी 30,161 टैक्सपेयर्स ने 29,208 करोड़ मूल्य की संपत्ति का खुलासा किया है।

### 1089 करोड़ की अतिरिक्त विदेशी आय

इसके अलावा 1089 करोड़ की अतिरिक्त विदेशी आय की भी बात स्वीकारी है। 6,734 टैक्सपेयर्स ने तो अपना आवासीय पता बदलते हुए खुद का अनिवासी करार दे दिया है। वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक इन 30 हजार टैक्सपेयर्स में से 24,678 अपने आईटीआर की समीक्षा कर रहे हैं तो 5483 टैक्सपेयर्स मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए देरी के साथ अपना रिटर्न भर रहे हैं।

### विदेशी संपत्ति बताने वालों की लगातार बढ़ रही संख्या

इनकम टैक्स विभाग के प्रयास से स्वैच्छिक रूप से अपनी विदेशी संपत्ति का खुलासा करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मूल्यांकन वर्ष 2021-22 में 60,000 टैक्सपेयर्स ने स्वैच्छिक आधार पर अपनी विदेशी संपत्ति का खुलासा किया था। मूल्यांकन वर्ष 2024-25 में 2,31,452 टैक्सपेयर्स ने विदेश में संपत्ति का स्वैच्छिक खुलासा किया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक किसी की अघोषित संपत्ति या आय का पता लगने पर विभाग पहले उन्हें खुद संपत्ति की घोषणा करने और उसके हिसाब से इनकम टैक्स चुकाने का मौका देता है। सरकार पहले टैक्सपेयर्स पर भरोसा और फिर उनकी पड़ताल की नीति अपना रही है। टैक्स विशेषज्ञों के मुताबिक इनकम टैक्स विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से आपकी हर आर्थिक गतिविधियों पर नजर रख रहा है। इस क्रम में अपनी आय व संपत्ति को छिपाने वालों को विभाग पहले अपनी गलती सुधारने का मौका देता है और उन्हें एसएमएस या ई-मेल से अलर्ट किया जाता है। जिन्हें विभाग का यह संदेश समझ में आ जाता है, वे समय रहते टैक्स के मामले को निपटा लेते हैं।